दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471




# अमन लेखनी



सीरियस हेल्थ इश्यू चाइल्डहुड हाइपरटेंशन....

युद्ध संकट हमारी दहलीज पर....


वर्ष : 12 | अंक : 143 | लखनऊ, 15 मई, शुक्रवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


## खबर संक्षेप

### हड़ताल पर गए पंचायत सचिवों पर ऐक्शन शुरू

**पटना।** बिहार में हड़ताल पर गए पंचायत सचिवों पर ऐक्शन शुरू हो गया है। मधुबनी जिले में एक साथ




118 पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है। डीएम आनंद शर्मा ने बिहार सरकारी सेवक नियमावली, 2005 के प्रावधानों के तहत यह कार्रवाई की है। निलंबित पंचायत सचिवों पर जनहित, विकास कार्यों एवं जनगणना 2027 की तैयारियों में शिथिलता बरतने का आरोप है।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा

**बांदा।** जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर गुरुवार को तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े




ट्रक से जा टकराई, जिससे वाहन में सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के हथौरा गांव के नजदीक बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार एक कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई।

### भावुक हुए अखिलेश, ससुर ने दी चिता को मुखाग्नि

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के



बैकुंठधाम में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अपर्णा यादव के पिता व प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने चिता को मुखाग्नि दी। इस मौके पर मुलायम के बड़े बेटे अखिलेश यादव व चाचा शिवपाल सिंह यादव सहित पूरा परिवार मौजूद रहा। चाचा शिवपाल सिंह यादव ने दोनों बेटियों को संभाला और उन्हें सांत्वना दी।

### कुलगाम में महिला समेत 3 ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक इंटरस्टेट



नारकोटिक्स नेटवर्क का भंडाफोड़ कर इलाके में लगातार एंटी-ड्रग आपरेशन के दौरान एक महिला मादक पदार्थ तस्कर को उसके दो साथियों समेत गिरफ्तार किया। महिला व अन्य के पास कुल 15.3 ग्राम हेरोइन मिली।

### प्रतिभा पारकर पनामा में भारतीय राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** आईएफएस बैच 2000 की अधिकारी प्रतिभा पारकर को पनामा रिपब्लिक में भारत की



अगली राजदूत नियुक्त किया गया है। फिलहाल वह विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी संभाल रही हैं और जल्द ही नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। प्रतिभा ने शुरुआत रूस में भारतीय दूतावास में विदेश सेवा से की थी।

### अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नए अध्यक्ष बने केविन वॉर्श

**वॉशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी के अनुभवी आर्थिक सलाहकार और पूर्व इन्वेस्टमेंट बैंकर केविन वॉर्श



को अमेरिकी की फेडरल रिजर्व का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है। सीनेट में हुए एक कड़े मुकाबले वाले मतदान में केविन वॉर्श को 54-45 के बहुमत से मंजूरी मिली।

---

### प्रशासन ने भेज दिया नोटिस

## कोर्ट के आदेश के बाद धनबाद में खाली करवाए जाएंगे 946 घर



**अमन लेखनी समाचार/धनबाद,**

धनबाद की एफसीआई सिंदरी प्रबंधन ने पीपी कोर्ट के बेदखली आदेश के तहत मनोहरटांड के कुल 746 और एसएल टू के कुल 200 अनधिकृत आवासों को शीघ्र खाली करने का नोटिस जारी किया है। चेतावनी दी है कि ऐसा नहीं करने पर बेदखली आदेश के तहत सभी आवासों को खाली करवा दिया जाएगा। नोटिस में उल्लेख है कि आवासों को खाली कराने की प्रक्रिया 30 मई से शुरू होगी। एफसीआई सिंदरी के प्रशासनिक एवं वित्तीय सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि मनोहरटांड में कुल 746 आवास हैं। इनमें मात्र 376 आवास रहने लायक हैं, जिनमें अनधिकृत तौर पर लोग रहते हैं। शेष आवास खंडहर बन चुके हैं।

---

### पंचकूला में नव निर्वाचित मेयर, चेयरमैन और पार्षदों का अभिनंदन

## ट्रिपल इंजन सरकार से विकास को मिलेगी ट्रिपल स्पीड : सीएम



**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की जनता ने निकाय चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन देकर ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का काम किया है और अब विकास कार्य भी ट्रिपल स्पीड से होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नागरिक देवो भवः की भावना के साथ हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में आयोजित नव निर्वाचित मेयर, चेयरमैन एवं पार्षदों के अभिनंदन एवं धन्यवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता लगातार नॉन स्टॉप कमल का फूल खिलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है, क्योंकि सरकार ने जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास और जनकल्याण के कार्य किए हैं।

#### वोट चोरी का आरोप लगाकर भ्रम फैला रहा विपक्ष : सीएम

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष लोकतंत्र का अपमान कर रहा है और चुनाव हारने के बाद ईवीएम तथा वोट चोरी जैसे आरोप लगाकर भ्रम फैलाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह केवल बयानबाजी और दुष्प्रचार कर रही है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया व पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने जनादेश के लिए जनता का आभार जताया।

#### पीएम के संदेश और योजनाओं को घर-घर पहुंचाएंगे कार्यकर्ता

**चंडीगढ़।** पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल, डीजल और गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं के समझदारी से उपयोग को लेकर दिया गया संदेश राष्ट्रहित में है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी केवल संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक करना भी उनका कर्तव्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के संदेश को स्वयं अपनाएं और जन-जन तक पहुंचाएं।

---

### योगी सरकार चला रही विशेष अभियान

**दूरस्थ क्षेत्रों में जरूरतमंदों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं**

## उत्तर प्रदेश में आयुष्मान योजना को और अधिक पारदर्शी बनाने महत्वपूर्ण पहल

सीएम योगी के निर्देश पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) के तहत अस्पतालों और चिकित्सकों के डाटा को और अधिक सटीक बनाने के लिए विशेष सत्यापन एवं सैनेटाइजेशन अभियान चलाया गया...

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / लखनऊ,**

योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत अस्पतालों और चिकित्सकों के डाटा को और अधिक सटीक बनाने के लिए विशेष सत्यापन एवं सैनेटाइजेशन अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य योजना के जरूरतमंद लाभार्थियों को सुरक्षित, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

**खास बातें**

- तकनीकी व प्रशासनिक स्तर पर सुधारात्मक कदम
- परीक्षण में पाया ,28 चिकित्सकों के नाम 15 से अधिक अस्पतालों से जुड़े थे



#### फर्जीवाड़ा, डाटा विसंगति या अनियमितताओं को रोकना योगी सरकार की प्राथमिकता

सीईओ ने बताया कि जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए, जहां चिकित्सक पूर्व में संबंधित अस्पतालों में कार्यरत थे। लेकिन समय पर डाटा अपडेट न होने के कारण उनके नाम अब भी रिकॉर्ड में दर्ज थे। वहीं, दूसरी ओर यह भी स्पष्ट हुआ कि कई विशेषज्ञ चिकित्सक वास्तव में विभिन्न अस्पतालों से जुड़े हुए हैं और अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे प्रदेश के दूरस्थ एवं जरूरतमंद क्षेत्रों में भी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो पा रही हैं, जो मरीजों के लिए बड़ी राहत है।

#### अस्पतालों एवं चिकित्सकों से जुड़े डाटा का किया गया परीक्षण

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयास है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को समाप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। हाल ही में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अस्पतालों एवं चिकित्सकों से जुड़े डाटा का गहन परीक्षण किया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए।

#### चिकित्सकों एवं अस्पतालों को नोटिस

समीक्षा के दौरान पाया गया कि 28 चिकित्सकों के नाम 15 से अधिक अस्पतालों से जुड़े हुए थे, जबकि 274 चिकित्सकों के नाम सात से अधिक अस्पतालों में दर्ज पाए गए। इस पर संबंधित चिकित्सकों एवं अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए और तीन दिवसीय सत्यापन प्रक्रिया संचालित की गई। इस दौरान सभी संबंधित पक्षों को अपना पक्ष रखने तथा आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दिया गया।

---

### उपचुनाव में जीत से तेजस्वी का जोश हाई, बोले-

## बैलेट पेपर से वोटिंग में एनडीए-भाजपा कहीं नहीं टिकने वाला



**अमन लेखनी समाचार/पटना,**

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने गुरुवार को कहा कि भोजपुर बक्सर एमएलसी उपचुनाव में आरजेडी के सोनू राय की भारी मतों से जीत हुई है। एनडीए को करारी हार का सामना करना पड़ा। आरजेडी के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। यह चुनाव बैलेट से हुआ। अगर बैलेट से चुनाव होगा तो भाजपा और एनडीए कहीं टिकने वाला नहीं है। आरजेडी के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि पिछले साल हुआ बिहार विधानसभा का चुनाव बैलेट पेपर से होता, तो आरजेडी और महागठबंधन को 150 से भी ज्यादा सीटें मिलतीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में बैठे लोगों ने मशीन के साथ छल-कपट करके हमें हराने का काम किया।

#### ईवीएम से आधी रात तक मतगणना, तो फिर बैलेट पेपर ही ठीक

तेजस्वी ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि आज भी जब मशीन से वोटों की गिनती होती है, तो पूरा दिन लग जाता है। रात के एक-दो बजे तक मतगणना चलती रहती है। पहले भी वही होता था, तो कोई फर्क नहीं है। जब ईवीएम में भी मतगणना का समय उतना ही लग रहा है, तो बैलेट पर ही वोटिंग क्यों नहीं कराई जाती है। उन्होंने ने कहा कि बैलेट से वोटिंग होने पर परिणाम सभी जानते हैं, एनडीए और भाजपा कहीं टिकने वाली नहीं है।

**सरकार के लोगों का मशीन के साथ छल कपट**

#### आरजेडी ने जेडीयू से छीनी एमएलसी सीट

भोजपुर बक्सर स्थानीय प्राधिकार एमएलसी सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे गुरुवार को घोषित कर दिए गए। आरजेडी के प्रत्याशी सोनू राय ने जेडीयू के कन्हैया प्रसाद को 350 से अधिक वोटों से हरा दिया। आरजेडी ने जेडीयू से यह सीट छीन ली है।

---

### लाल किला मेट्रो स्टेशन कार धमाका

## एनआईए ने कोर्ट में दाखिल की 7500 पन्नों में चार्जशीट



लाल किला दिल्ली बम धमाका फाइल फोटो

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को नई दिल्ली की एक विशेष अदालत में दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर 2025 की शाम को हुए कार बम धमाके के मामले में 7,500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी ने 1इस हमले में कथित संलिप्तता के लिए 10 लोगों को नामजद किया है। इस हमले में 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे।

एनआईए के अनुसार, सहित सभी 10 आरोपी संगठन 'अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएच)' से जुड़े थे, जिसे अल-कायदा से प्रेरित संगठन बताया गया है। मुख्य आरोपी उमर उन नबी की इस धमाके में मौत हो गई थी। उसके अलावा नौ अन्य आरोपियों के नाम भी चार्जशीट में शामिल किए गए हैं जिनमें आमिर मीर, जसीर वानी, डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. अदील राथर, डॉ. शाहीन सईद आदि शामिल हैं।

#### विस्फोटक आरोपियों ने तैयार किया था

एनआई की जांच में सामने आया कि कुछ आरोपी कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित मेडिकल प्रोफेशनल थे। 2022 में श्रीनगर में हुई एक गुप्त बैठक में उन्होंने एजीयूएच अंतरिम नाम से संगठन को फिर सक्रिय किया और 'ऑपरेशन हेवनली हिंद' कोडनेम' शुरू किया था। इस कोडनेम के तहत, आरोपियों ने नए सदस्यों की भर्ती की। एजीयूएच की हिंसक जिहादी विचारधारा का सक्रिय रूप से प्रचार किया, हथियार और गोला-बारूद जमा किया, और बाजार में आसानी से मिलने वाले रसायनों का उपयोग करके बड़े पैमाने पर विस्फोटक बनाए। धमाके में इस्तेमाल टीएटीपी विस्फोटक आरोपियों ने खुद तैयार किया था।

#### केरल में मिले विस्फोटक की एनआईए जांच करेगा

एनआईए ने 7 फरवरी 2026 को केरल के मलप्पुरम जिले के तिरुरंगडी के पास चेम्माड इलाके में प्याज से लदे एक ट्रक से 89,600 जिलेटिन छड़ें और 10,500 नॉन-इलेक्ट्रिक शॉक ट्यूब डेटोनेटर बरामद होने के मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। एनआई ने पिछले महीने इस मामले की जांच शुरू की थी और हाल ही में परप्पनंगडी की न्यायिक प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट अदालत से केस रिकॉर्ड को कोच्चि स्थित विशेष एनआईए अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की है। तिरुरंगडी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि मामला अब केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंप दिया गया है।

---

### ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

## चुनौतीपूर्ण वैश्विक हालातों के बीच ब्रिक्स पर टिकी दुनिया की नजर, वैश्विक स्थिरता के लिए 'अहम'

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि उभरते बाजारों और विकासशील देशों की उम्मीदें ब्रिक्स से बढ़ी हैं और संगठन से वैश्विक स्थिरता में रचनात्मक और संतुलनकारी भूमिका निभाने की अपेक्षा की जा रही है

**दुनिया में बहुपक्षीय सहयोग और कूटनीतिक संवाद जरूरी**

**उभरते बाजारों और विकासशील देशों को ब्रिक्स से उम्मीद**



बैठक को संबोधित करते जयशंकर



पीएम मोदी के साथ ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक हालात, आर्थिक चुनौतियों और बदलती अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के बीच ब्रिक्स की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। बैठक में अपने संबोधन में जयशंकर ने कहा कि दुनिया इस समय काफी अनिश्चित और जटिल दौर से गुजर रही है, जहां लगातार संघर्ष, आर्थिक अस्थिरता, व्यापार और तकनीक से जुड़ी चुनौतियां वैश्विक परिदृश्य को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में उभरते बाजारों और विकासशील देशों की उम्मीदें ब्रिक्स से बढ़ी हैं और संगठन से वैश्विक स्थिरता में रचनात्मक और संतुलनकारी भूमिका निभाने की अपेक्षा की जा रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच यह बैठक सिर्फ औपचारिक संवाद नहीं, बल्कि वैश्विक और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचार साझा करने और साझा रणनीति विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

#### एक मंच पर ब्रिक्स विदेश मंत्री




बैठक में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री

#### भारत की अध्यक्षता में 80 से अधिक ब्रिक्स बैठक

जयशंकर ने बताया कि भारत की अध्यक्षता में अब तक 80 से अधिक ब्रिक्स बैठकों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें सभी सदस्य देशों ने सक्रिय भागीदारी की है। इन बैठकों के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने और संवाद को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत ब्रिक्स को अधिक समावेशी और सहयोगात्मक मंच बनाने के लिए साझेदार देशों के साथ लगातार संपर्क और संवाद बनाए हुए है।

#### विकास से जुड़े मुद्दे अब भी चिंता का विषय

विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर विकास से जुड़े मुद्दे अब भी बड़ी चिंता बने हुए हैं। कई देश ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य संकट, उर्वरक उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं और वित्तीय संसाधनों तक पहुंच जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स इन देशों को प्रभावी समाधान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आर्थिक मजबूती और सप्लाई चेन की विश्वसनीयता पर भी जोर दिया।

#### नए सदस्य देशों का आना अहम

जयशंकर ने ब्रिक्स के संस्थागत विकास और नए सदस्य देशों के एकीकरण को भी अहम बताया। जयशंकर ने कहा कि संगठन के विस्तार के साथ उसके मौजूदा ढांचे और तंत्र को अपडेट करने पर चर्चा आगे बढ़ाई गई है।

#### जलवायु परिवर्तन गंभीर चुनौती

जयशंकर ने जलवायु परिवर्तन को एक गंभीर वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि सतत विकास को आगे बढ़ाने के साथ समानता और साझी लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों के सिद्धांतों का पालन जरूरी है। उन्होंने तेजी से बदलती तकनीकों का जिक्र करते हुए कहा कि तकनीकी बदलाव वैश्विक शासन और आर्थिक ढांचे को प्रभावित कर रहे हैं।

## संक्षेप

### केजीएमयू, पीजीआई और लोहिया संस्थान के डाक्टरों की गर्मी की छुट्टी कल से

लखनऊ। गर्मी की छुट्टी शुक्रवार के से किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू), लोहिया संस्थान, पीजीआई और कैंसर संस्थान में शुरू हो जाएंगी। इसके चलते 50 प्रतिशत डॉक्टर एक माह की छुट्टी पर रहेंगे। उनके लौटने के बाद बाकी 50 प्रतिशत डॉक्टर छुट्टी पर जाएंगे। इस दौरान ऑपरेशन से लेकर ओपीडी तक में इलाज के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ सकता है। हालांकि, मरीजों को दुश्वारियों से बचाने के लिए संस्थान प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह के अनुसार मरीजों के उपचार में कोई दिक्कत न होने पाए, इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है। फिलहाल, मरीजों को कोई समस्या नहीं होना चाहिए।

### बलरामपुर अस्पताल में सिरिंज की गुणवत्ता पर सवाल

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल में इस्तेमाल हो रही सिरिंजों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। अस्पताल के विभिन्न विभागों में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों का आरोप है कि खराब गुणवत्ता वाली सिरिंजों के कारण इलाज और जांच दोनों प्रभावित हो रहे हैं। अस्पताल में 756 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। ओपीडी में पांच से छह हजार मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं। 98 प्रतिशत मरीजों को पैथोलॉजी जांचें लिखी जाती हैं। उन्हें इंजेक्शन लगाए जाते हैं। आरोप है कि कई सिरिंजों में वैक्यूम सही तरीके से काम नहीं कर रहा है। इसके चलते खून का नमूना लेने में दिक्कत हो रही है।

### टाइटन ने लॉन्च की नयी स्पोर्ट्स वॉच रेंज जीरो आवर

लखनऊ। टाइटन कंपनी ने अपनी नई परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स वॉच रेंज जीरो आवर लॉन्च की है। इस नए सब-ब्रांड के तहत कंपनी ने 500 मीटर प्रोफेशनल डाइवर्स ऑटोमैटिक वॉच पेश की है, जिसे चरम परिस्थितियों और प्रोफेशनल डाइविंग के लिए डिजाइन किया गया है। इस नई रेंज को गोवा में अरब सागर के बीच लॉन्च किया गया।

## पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक बाइक में सामने से ठोकर मार दी और बाइक सवार को रौंदते हुए भाग निकला। इस घटना में बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना के बाद कुछ दूर आगे पिकअप चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। फिलहाल सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। बंथरा के चनखरा निवासी आशीष रावत (27) की करीब चार माह पहले फरवरी में मोहनलालगंज के कोड़रा गांव में रहने वाली सिमरन के साथ शादी हुई थी। आशीष लखनऊ एयरपोर्ट पर खाना की कैंटीन में काम करता था। आशीष शाम करीब 7 बजे अपनी स्प्लेंडर बाइक से ससुराल जा रहा था। तभी बंथरा - बिजनौर रोड पर कासिम खेड़ा स्थित वेयरहाउस के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक में ठोकर मार दी। जिससे आशीष नीचे गिर गया और घटना के बाद पिकअप चालक उसे रौंदते हुए भाग निकला। इस घटना में आशीष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना अंजाम देने के बाद पिकअप लेकर भाग रहे चालक को स्थानीय लोगों ने दौड़ाया तो पिकअप वाहन चालक कुछ दूर आगे अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। फिलहाल सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पिकअप को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं मृतक के परिवार में उसके पिता प्यारेलाल और उसकी मां के अलावा एक विवाहित बड़ा भाई सरोज और दो विवाहित बड़ी बहनें हैं।

## विद्युत करंट की चपेट में आकर ट्रक चालक की मौत

**अमन लेखनी समाचार**



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के ट्रक चालक की बांदा जिले में बुधवार शाम विद्युत करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। गुरुवार शाम पोस्टमार्टम के बाद उसका शव गाँव पहुंचा तो मृतक के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बंथरा में बनी - मोहनलालगंज रोड पर शव रखकर सड़क जाम कर दी और मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लगे। करीब आधे घंटे तक चले जाम प्रदर्शन की सूचना पाकर पहुंचे एसीपी कृष्णा नगर ने उन्हें समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस के मुताबिक बंथरा के पहाड़पुर निवासी सर्वेश (35) गांव के ही महेंद्र सिंह का ट्रक चलाता था। सर्वेश बुधवार को बांदा जिले के साढ़ी खदान में मौरंग लादने गया था। तभी शाम करीब 6 बजे वह अपने ट्रक के ऊपर चढ़कर मौरंग देखने लगा। इसी दौरान सर्वेश ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में उसे पास के निजी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे कानपुर स्थित हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन वहाँ पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी रुचि के अलावा 8 वर्षीय बेटा हर्षित और तीन वर्षीया बेटी अस्वी है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार शाम करीब 5:30 बजे सर्वेश का शव गांव पहुंचा तो नाराज परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव में ही बनी - मोहनलालगंज रोड पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। वह ट्रक मालिक महेंद्र सिंह को इसका जिम्मेदार ठहराते हुए 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग कर रहे थे। करीब आधे घंटे तक चले जाम प्रदर्शन की सूचना पाकर पहुंची बंथरा पुलिस ने उन्हें समझाने बुझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद मौके पर पहुंचे एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को सरकार की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। एसीपी ने बताया कि शुरूआती जांच में मामला बांदा जिले का है और विद्युत करंट से उसकी मौत हुई है। मृतक के परिजन इस मामले में अगर कोई तहरीर देंगे तो मामले के रिपोर्ट दर्ज कर उसकी जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## चलती अर्टिगा कार में लगी आग

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर, लखनऊ। चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बुधवार रात एक चलती अर्टिगा कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंची एयरपोर्ट की दमकल गाड़ी ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गोमती नगर निवासी शशांक बुधवार रात करीब 10 बजे बंथरा स्थित एक होटल से सवारी लेकर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। वह सवारी छोड़कर एयरपोर्ट से वापस लौट रहे थे। तभी एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग से करीब 300 मीटर दूर कानपुर रोड की ओर जाते समय एयरपोर्ट स्थित लक्ष्मण तिराहे के पास रात करीब 11:30 बजे कार के बोनट से धुआं उठने लगा। धुआं उठता देख बगल से निकल रहे लोगों ने शशांक को इसके बारे में बताया। इस पर शशांक ने तुरंत गाड़ी रोकी और बाहर निकल खड़े हुए। लेकिन चालक शशांक के बाहर निकलते ही कार के इंजन से आग की तेज लपटें उठने लगी। बताते हैं कि आग ने सीएनजी किट को अपने चपेट में ले लिया। सीएनजी किट में आग लगने के बाद तेज धमाका होने के साथ मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन इसकी सूचना नजदीकी एयरपोर्ट फायर कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना के बाद एयरपोर्ट फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर एक दमकल गाड़ी से कुछ देर में आग पर काबू पा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि अगर शशांक आनन-फानन गाड़ी खड़ी कर बाहर न निकलते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रतीक यादव को दी श्रद्धांजलि



**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के पुत्र एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के दिवंगत पति प्रतीक यादव के आवास पर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए तथा पुष्पांजलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## तेज रफ्तार बोलोरो ने दो बाइक पर सवार युवकों को मारी टक्कर, चार की मौत, एक घायल

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ उन्नाव मंगलवार की देर शाम बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में एक अनियंत्रित बोलोरो ने दो बाईकों में टक्कर मारती हुई गहरी खाई में पलट गई इस हादसे में दोनो बाईकों पर सवार कुल पांच लोगों में से एक की बांगरमऊ में जबकि दूसरे की उन्नाव तो तीसरे की लखनऊ व चौथे कुल चार लोगो की मौत हो गई। जबकि पांचवां साथी अभी उपचारित है। पुलिस औपचारिक कार्यवाही में लगी हुई है।

ज्ञात हो हसनगंज थानाक्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी 30 वर्षीय अभिषेक पुत्र रामौतार अपने परिवार के ही भतीजे भीष्म के साथ बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र स्थित गांव वैरी में एक बारात कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे इसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनके साथ ही रिश्तेदार दूसरी बाइक सवार फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव तकिया सराय निवासी आकाश पुत्र अयोध्या प्रसाद, अनुज पुत्र नन्हकू निवासी गुलरिहा बेहटा मुजावर व होरी लाल पुत्र अग्नू निवासी बरबटा खेड़ा हसनगंज यह भी साथ चल रहे थे तभी मंगलवार की देर शाम तकरीबन 10 बजे बेहटा मुझावर थानाक्षेत्र में संडीला बांगरमऊ मार्ग पर शारदा नहर पुल के निकट उधर से गुजरी एक तेज रफ्तार बोलोरो ने दोनों बाईकों को टक्कर मारती हुई खाई में जाकर पलट गई इस हादसे में एक बाइक पर सवार अभिषेक व भीष्म को बांगरमऊ अस्पताल लाया गया जहां पर डाक्टरों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया जबकि भीष्म को रेफर कर दिया गया। जबकि दूसरी बाइक पर सवार आकाश, अनुज व हरिलाल को घटनास्थल से ही लखनऊ ले जाया गया जहा पर इलाज के दौरान तीनो लोगों की मौत हो गई। इस तरह दोनों बाईकों पर सवार कुल चार लोगों की मौत हो गई। बेहटा मुजावर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया है कि एक की मौत के बाद शव पोस्टमार्टम भेजा गया था जबकि अन्य के विषय में जानकारी जुटाकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

दोनो बाईकों पर सवार पांचों लोग 20 से लेकर 25 वर्ष तक सभी हमउम्र के थे तथा आपस में करीबी रिश्तेदार भी थे जिससे सभी के बीच रिश्ते संबंधों के अलावा अच्छी दोस्ती भी थी जिससे पांचों साथी एक साथ दो बाईकों से मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने हंसी खुशी जा रहे थे किंतु हादसे में चार की जान चली गई।

मृतक अभिषेक के पिता की करीब दो वर्ष पूर्व बीमारी से मौत हो चुकी है घटना से बहन फूलकुमारी, नेहा, आरती तीन बहनों की शादी हो चुकी है घटना से छोटी बहन चांदनी व अन्य परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

मृतक अनुज दो भाई है दोनों दुबई में रहकर नौकरी करते है बीते 12 फरवरी को अनुज की शादी हसनगंज क्षेत्र में बरात से कुछ दिन पहले वह दुबई से घर आया था सारे कार्य निपटाने के बाद अब पुनः वह दुबई जाने की तैयारी में था इस दुखद घटना से छोटा भाई अनूप दुबई से घर लौट रहा है घटना से मां नन्हकी व नवविवाहिता पत्नी सहित सभी परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## 62 मरीजों ने करायी एचआईवी जांच

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से गुरुवार को खाला बाजार स्थित रस्तोगी स्वास्थ्य परामर्श केन्द्र में प्रातः 9 से मध्याह्न 12 बजे तक एचआईवी जांच के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, इसमें 62 लोगों ने एचआईवी की जांच करायी। शिविर में पहुंची नीलम, विनीता गुप्ता और राम प्रकाश रावत कहना था कि शुक्र है कि यहां शिविर लग गया, वरना उनको प्राइवेट में पैसे देकर जांच करानी पड़ी। केन्द्र के संरक्षण हरी जीवन रस्तोगी ने बताया कि एचआईवी/एड्स कोई अभिशाप नहीं है, इसे छुपाए नहीं, जागरूक बने। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों की टीम जांच और परामर्श दिया है। उन्होंने बताया कि केन्द्र में हर माह के अंतिम रविवार को बृह्द स्तर पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है, उनमें केन्द्र के अलावा केजीएमयू सहित अन्य चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ डाक्टर मरीजों को परामर्श देने आते हैं।

## बिना ब्लड ट्रांसफ्यूजन हुआ सफल लीवर ट्रांसप्लांट

लखनऊ। अपोलो हॉस्पिटल के डाक्टरों की टीम ने पहली बार बिना ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लीवर ट्रांसप्लांट को सफलता पायी। इस सर्जरी की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि पूरे ऑपरेशन के दौरान 56 वर्षीय मरीज को एक भी यूनिट खून (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) नहीं चढ़ाना पड़ा। गंभीर स्थिति में पहुंचे इस मरीज को सफल सर्जरी के बाद नई जिंदगी मिली है। आमतौर पर लीवर ट्रांसप्लांट के बाद मरीज को 20 से 25 दिन तक अस्पताल में रहना पड़ता है, लेकिन बेहतर रिकवरी के चलते इस मरीज को ऑपरेशन के महज 8वें दिन ही छुट्टी दे दी गई। उल्लेखनीय है कि अस्पताल की लीवर ट्रांसप्लांट टीम पिछले 7 महीनों में 20 सफल लीवर ट्रांसप्लांट कर चुकी है। यह मरीज मैनपुरी जिले का निवासी है। मरीज का एमईएलडी स्कोर 30 था यानी लीवर बेहद गंभीर स्थिति में था और उसे तुरंत लीवर ट्रांसप्लांट की जरूरत थी। मरीज की जान बचाने के लिए उसकी 45 वर्षीय पत्नी ने अपना लीवर डोनेट किया।

## मलिहाबाद मंडी में शिफ्ट न होने पर 25 फर्मों के लाइसेंस निलंबित

### पुराने दुबग्गा मंडी स्थल पर कारोबार जारी रखने पर मंडी प्रशासन की सख्ती

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उपमंडी स्थल नजर नगर मलिहाबाद में व्यापार शुरू होने के बावजूद पुराने मंडी स्थल दुबग्गा में कारोबार जारी रखने वाले 25 व्यापारिक फर्मों पर मंडी प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। मंडी समिति सचिव सुभाष सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि नियमों की लगातार अनदेखी के चलते यह कदम उठाना पड़ा। मंडी समिति द्वारा जारी पत्र के अनुसार 3 मार्च 2026 से नवीन उपमंडी स्थल मलिहाबाद में फल एवं सब्जी व्यापार शुरू हो चुका है। इसके बावजूद कई व्यापारी पुराने मंडी स्थल दुबग्गा में ही कारोबार संचालित कर रहे थे, जो लाइसेंस की शर्तों एवं उत्तर प्रदेश मंडी अधिनियम 1964 की धारा 17(2) का उल्लंघन माना गया। मंडी प्रशासन ने बताया कि संबंधित व्यापारियों को पहले भी नोटिस जारी कर नए मंडी स्थल पर व्यापार स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन व्यापारियों ने न तो नोटिस का संतोषजनक जवाब दिया और न ही आदेशों का पालन किया। मंडी समिति सचिव सुभाष सिंह ने उच्च अधिकारियों को भेजे पत्र में कहा कि नई मंडी व्यवस्था को प्रभावी बनाने और व्यापार संचालन को व्यवस्थित रखने के लिए सभी व्यापारियों का नियमों का पालन करना अनिवार्य है। लगातार निर्देशों की अवहेलना के कारण 25 फर्मों के लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। मंडी प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## उत्तर प्रदेश के 9 वर्षों का कार्यकाल ऐतिहासिक, विकास और जनकल्याण को मिली नई गति - केशव प्रसाद मौर्य

### विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को हर हाल में हासिल करेंगे

### द टाइम्स ऑफ इंडिया कॉन्क्लेव में उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने रखे विचार

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ स्थित होटल ताज में आयोजित टाइम्सस आफ इंडिया कॉन्क्लेव में प्रतिभाग करते हुए उत्तर प्रदेश में बीते नौ वर्षों में हुए व्यापक परिवर्तन, आधारभूत विकास, सुशासन, निवेश एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुशासन एवं विकास के लिए समर्पित रहे हैं। प्रदेश सरकार ने जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्ग के उत्थान हेतु अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज निवेश, आधारभूत संरचना, एक्सप्रेस-वे, कनेक्टिविटी, उद्योग, शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचाना तथा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने सरकार को बार-बार सेवा करने का अवसर दिया है और सरकार ने पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ प्रदेश की 25 करोड़ जनता की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश का यह नौ वर्षीय कार्यकाल भविष्य में स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत विकास के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन भी तेजी से हो रहा है। सरकार गरीबों के उत्थान, युवाओं को रोजगार, किसानों की समृद्धि तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने कट को बन्द करने से हजारों लोग परेशान

### जन विश्वास पार्टी ने उप जिलाधिकारी सरोजनी नगर को दिया ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। शांति नगर सरोजनी नगर लखनऊ स्थित हज हाउस एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के सामने 30 मीटर चौड़े रास्ते को नेशनल हाईवे द्वारा बंद किए जाने के पश्चात लगभग 25,000 क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शांति नगर के व्यापारिक प्रतिष्ठान प्रभावित हैं यहां आसपास की कॉलोनी शांति नगर, रहीमाबाद, भक्ति खेड़ा, केशव नगर, मुरली बिहार, कैलाश विहार, मिश्रा कॉलोनी, त्रिमूर्ति नगर के लोगों और आसपास के विद्यालयों में पढ़ने आने वाले छोटे-छोटे बच्चों एवं उनके अभिभावकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जन विश्वास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने बताया कि शांति नगर के इस कट को बिना स्थाई समाधान दिए बंद करने से लोगों में काफी रोष है। गाड़ियों का आना-जाना तो दूर पैदल पार करना भी मुश्किल हो गया है ऐसे में गौरी बाजार की तरफ से आने वाले लोगों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है की शांति नगर आने के लिए उन्हें नादर गंज से घूम कर आना पड़ेगा जो की काफी दूर है। महिलाओं के सामने और पैदल पार करने वालों के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। आज स्थाई समाधान के तौर पर अंडरपास की मांग एवं लखनऊ के चारों ओर निर्मित आउटर रिंग रोड पर टोल ना लिए जाने से संबंधित दो सूत्रीय मांग पत्र मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सरोजनी नगर को सुशील शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष, शिव मोहन तिवारी राष्ट्रीय सचिव सवर्ण युवा महासभा, देवपाल सिंह चौहान प्रदेश महासचिव, सोभनाथ पांडेय एवं अन्य पदाधिकारी द्वारा दिया गया। सवर्ण युवा महासभा लगातार जन समस्याओं, व्यापारिक समस्याओं को लेकर सचेत और सजग रहा है और उसके निदान तय के लिए सदैव संघर्षरत रहकर कार्य करता रहा है।

## आम के बाग में अधेड़ का लटकता मिला शव

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर उन्नाव कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक अधेड़ युवक का शव उसके ही आम के बाग में पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया शव की हालत देखकर उसके करीब दो दिन पुराना होने की आशंका जताई जा रही है।

कोतवाली क्षेत्र के सकहन मुसलमानन गांव निवासी चेता 50 वर्ष पुत्र केदार घर में अकेले रहता था ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार से वह लापता था बुधवार को किसान खेतों की ओर गए तो घर से करीब 500 मीटर दूर मृतक के ही आम के बाग में पेड़ से उसका शव लटका ग्रामीणों ने देखा। घटना की जानकारी उसके भाइयों में किशन और केशकुमार सहित पुलिस को दी।

मृतक के भाई किशन ने बताया कि वो शराब का लती था जिसके कारण वह परिवार से अलग रहता था शराब की लत से परेशान होकर उसकी पत्नी व एक पुत्र व पुत्री चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी करके अपना पेट पालते है घटना की जानकारी उनको दे दी गई है। प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण त्रिपाठी ने बताया कि शव की स्थिति से मामला दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। प्रथम द्दष्टया आत्महत्या का मामला लग रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

## पंचायतों में प्रशासक नहीं, प्रधानों को मिले जिम्मेदारी: संयोगिता सिंह चौहान

### चुनाव में देरी की आशंका पर माल प्रधान संघ ने सौंपा ज्ञापन

**अमन लेखनी समाचार**




एसडीएम को ज्ञापन सौंपती संयोगिता व अन्य

लखनऊ। त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने की स्थिति में पंचायत प्रतिनिधियों ने निर्वाचित पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग तेज कर दी है। माल ब्लॉक प्रधान संघ की अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन मलिहाबाद एसडीएम अंकित कुमार को सौंपकर पंचायत चुनाव समय से न होने की स्थिति में वर्तमान प्रधानों को ही पद पर बनाए रखने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 और 19 जुलाई 2026 को समाप्त होने जा रहा है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में समय पर पंचायत चुनाव कराना संभव नहीं दिखाई दे रहा है। मतदाता सूची पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन में विलंब तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया पूरी न होने को इसकी प्रमुख वजह बताया गया है। प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्थानीय निकायों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण लागू करने के लिए ह्नट्रिपल टेस्टह्न प्रक्रिया को अनिवार्य माना है। साथ ही निर्वाचित निकायों के स्थान पर प्रशासकों की नियुक्ति को केवल अपवाद स्वरूप परिस्थितियों में ही उचित बताया है। ज्ञापन में मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड का उदाहरण देते हुए कहा गया कि विपरीत परिस्थितियों के दौरान वहां निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को ही प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं। इसी आधार पर उत्तर प्रदेश में भी पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाया जाना लोकतांत्रिक व्यवस्था और ग्रामीण विकास की निरंतरता के लिए आवश्यक बताया गया है। प्रधान संघ की ओर से जनहित और संवैधानिक व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल यथोचित अवधि तक बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान माल ब्लॉक के दर्जनों ग्राम प्रधान और प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## तेलीबाग सामाजिक एवं जन कल्याण समिति ने पार्षद व पत्रकारों का किया सम्मान

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। तेलीबाग सामाजिक एवं जन कल्याण समिति ने नगर निगम की नामित पार्षद नेहा सिंह का संस्था के कार्यालय में स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एम एल गुप्ता ने पार्षद को अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक मंशाराम शुक्ला, संयोजक चंद्र प्रकाश यादव, उर्मिला सिंह आर टी आई कार्यकर्ता आनंद कुशवाहा, सामाज सेवी तारा यादव, सचिव नंदन यादव आदित्य दीक्षित सहित अनेको गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संस्था के अध्यक्ष एम एल गुप्ता ने बताया कि तेलीबाग स्थित राम भरोसे मैकुलाल इण्टर कॉलेज की जमीन को अवैध रूप से लीज के नाम पर बेचने का हमारी संस्था विरोध करती है और इसके लिए हम कॉलेज प्रशासन के साथ कानूनी लड़ाई लड़ते रहेंगे। उन्होंने इस मामले में समर्थन पर नामित पार्षद नेहा सिंह और स्थानीय मीडिया का आभार जताया।

## संक्षेप

### मानसिक रूप से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

उन्नाव। मांखी थाना क्षेत्र में मानसिक रूप से परेशान युवक ने नदी किनारे बेरी के पेड़ में अंगौछे का फंदा बना कर फासी लगा ली ग्रामीणों ने शव लटकते देख परिजनों को जानकारी दी रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और आवश्यक कार्यवाही करते हुए पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। अमलोना गांव निवासी राज कुमार पुत्र छेदनू 28 मजदूरी करता था और कुछ दिनों से वह मानसिक तनाव में था गुरुवार की सुबह घर से निकल कर नदी के पास पहुंचा और नदी के किनारे खड़े बेरी के पेड़ में अंगौछे का फंदा बना कर फासी लगा ली उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने शव लटकते देख मृतक के परिजनों को जानकारी दी जिस पर रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी मृतक तीन भाइयों के बीच मझला था बडा भाई अश्वनी और छोटा अरुण है मृतक के चार बेटे साहिल, टिल्लू, छोटू और आदी हैं पत्नी गुडिया मां ललिता देवी सहित परिजन बेटे की मौत से आहत हैं इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है अभी किसी तरह का कोई आरोप नही लगाया गया है पीएम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षामित्र पर प्रताड़ना का आरोप शिक्षिका ने निगला जहरीला पदार्थ

उन्नाव। सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय बदरका प्रथम में गुरुवार दोपहर एक शिक्षिका ने जहर खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस घटना के बाद विद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। गंभीर हालत में शिक्षिका को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका नरजिस सुल्ताना ने स्कूल परिसर में जहर खा लिया। उनकी हालत बिगड़ने पर विद्यालय स्टाफ और स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अचलगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें उन्नाव के एक निजी नर्सिंग होम ले गए, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि शिक्षिका ने विद्यालय में कार्यरत एक शिक्षामित्र पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है। दोनों के बीच काफी समय से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इस घटना के बाद विद्यालय परिसर में चर्चा का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी और स्थानीय पुलिस मामले की जांच में जुट गए हैं। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शिक्षिका ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया। विद्यालय के अन्य कर्मचारियों और शिक्षकों से भी पूछताछ की जा रही है। फिलहाल शिक्षिका नरजिस सुल्ताना का उपचार जारी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग या पुलिस की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# आग लगने से 4 घरों की गृहस्थी जली, मासूम की जिंदा जलकर मौत

**अमन लेखनी समाचार**



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के परियर चौकी अंतर्गत बाबूबंगला गांव में गुरुवार दोपहर आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। अचानक लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और चार घरों को चपेट में लेने से गृहस्थी जलकर राख हो गई। घटना के समय एक घर के अंदर मौजूद 5 वर्षीय मासूम बच्ची की जिंदा जलने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मची रही। बाबूबंगला गांव में गुरुवार दोपहर एक घर में अचानक आग लग गई। शुरूआत में लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज हवा और आग की ऊंची लपटों से आग तेजी से आसपास के अन्य घरों तक फैल गई। देखते ही देखते चार घर आग की चपेट में आ गए। ग्रामीण अपने घरों से सामान निकालने में जुट गए, लेकिन आग इतनी तेज थी कि अधिकांश घरेलू सामान जलकर राख हो गया। इसी दरम्यान एक घर में मौजूद 5 वर्षीय बेटी नैना पुत्री राम प्रसाद आग की चपेट में आ गई। जब तक परिजन और ग्रामीण उसे बाहर निकाल पाते, तब तक वह गंभीर रूप से झुलस गई थी। परिजन उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी मासूम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बच्ची की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन रो-रोकर बेहाल होते रहे। गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बाल्टियों और पाइप के जरिए पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि यदि समय रहते ग्रामीण प्रयास न करते तो आग और अधिक घरों तक फैल सकती थी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया।

*आग लगने से रामप्रसाद, झब्बू, नरेंद्र पुत्रगण कालीचरण व रामरती पत्नी कालीचरण निवासी बाबू बंगला के मकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गए*

**कारण स्पष्ट नहीं, गृहस्थी जलने से खुले आसमान के नीचे पहुंचे परिजन**

प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि चूल्हे की चिंगारी से आग लगने की आशंका जताई जा रही हैं। प्रशासन से मामले की जांच कराई जा रही है। आग से प्रभावित परिवारों का कहना है कि उनके घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गया है। जिससे वह खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। पुलिस ने जांच के बाद बच्ची के शव को कब्जे में ले लिया है। वहीं प्रशासन ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता का भरोसा दिया है।

## तेज आंधी पानी के चलते विद्युत व्यवस्था हुई प्रभावित

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। जिले में आई तेज आंधी और बारिश ने बिजली व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से करीब 100 से अधिक गांवों में पिछले 18 घंटों से विद्युत आपूर्ति बाधित है। वहीं, शहर के कई इलाकों में भी बिजली कटौती की समस्या बनी हुई है। जानकारी के अनुसार, तेज हवाओं और बारिश के कारण जिले के कई ग्रामीण इलाकों में बिजली के तार टूट गए और अनेक स्थानों पर पेड़ बिजली लाइनों पर गिर पड़े, जिससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सबसे अधिक असर सिकन्दरपुर सरोसी, मियागंज, आसीवन, सफीपुर, बांगरमऊ और हसनगंज क्षेत्र के गांवों में देखा गया, जहां रातभर अंधेरा पसरा रहा। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक आई आंधी के बाद तेज आवाज के साथ कई जगह बिजली के खंभे गिर गए। कुछ स्थानों पर ट्रांसफार्मरों में भी खराबी आ गई। बिजली न होने से लोगों को पेयजल और मोबाइल चार्जिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। गर्मी और उमस के कारण बच्चों और बुजुर्गों की परेशानी और बढ़ गई। शहरी क्षेत्रों में भी आंधी का असर देखने को मिला। उन्नाव शहर के कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित होती रही। कुछ इलाकों में रातभर बिजली गुल रही, जिससे लोगों को अंधेरे में रात बितानी पड़ी। वहीं, बारिश के कारण कई जगह जलभराव होने से मरम्मत कार्य में भी दिक्कतें आईं। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार, आंधी में बड़ी संख्या में बिजली के तार और खंभे क्षतिग्रस्त हुए हैं। विभाग की टीमें देर रात से लगातार फॉल्ट खोजने और मरम्मत कार्य में लगी हुई हैं। प्राथमिकता के आधार पर मुख्य लाइनों को ठीक किया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल की जा सके। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गई है, जबकि गंभीर रूप से प्रभावित गांवों में गुरुवार दोपहर तक सप्लाई बहाल होने की उम्मीद है। प्रशासन ने लोगों से टूटे बिजली तारों से दूर रहने की अपील की है।

## 42 दिनों तक चले कार्य के बाद ट्रेनों का संचालन शुरू

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। गंगा नदी पर बने रेलवे पुल पर एचबीम स्लीपर लगाने का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। 42 दिनों तक चले इस महत्वपूर्ण कार्य के बाद अब पुल पर ट्रेनों का संचालन गुरुवार से सावधानीपूर्वक शुरू किया जाएगा। रेलवे विभाग द्वारा 'मिशन रफ्तार' के तहत चलाए जा रहे इस परियोजना में कुल 1709 एचबीम स्लीपर लगाए गए हैं। इसका मुख्य उद्देश्य ट्रेनों की गति बढ़ाना और रेलवे ट्रैक को अधिक सुरक्षित एवं मजबूत बनाना है। उधर रद्द चल रही सीतापुर पैसेंजर को शुरू कर दिया गया है। रेलवे के जूनियर इंजीनियर अखिलेश पाठक ने बताया कि ब्लॉक के दौरान पुल पर मैटेरियल शिफ्टिंग, ट्रफ हटाने, सेंटल सेट की वेल्डिंग और अन्य तकनीकी कमियों को दूर करने का कार्य तेजी से किया गया। उन्होंने पुष्टि की कि सभी कार्य लगभग पूर्ण हो चुके हैं। पाठक ने बताया कि सुरक्षा मानकों की जांच के बाद गुरुवार से पुल पर ट्रेनों का संचालन शुरू होगा। शुरूआती चरण में ट्रेनों को 15 किलोमीटर प्रति घंटे की सावधानी गति (कॉशन) के साथ पुल से गुजारा जाएगा। अप लाइन पर 75 किलोमीटर प्रति घंटे और डाउन लाइन पर 15 किलोमीटर प्रति घंटे का कॉशन लगाया गया है। रेलवे विभाग का कहना है कि इस कार्य से भविष्य में ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने में मदद मिलेगी और यात्रियों को अधिक सुरक्षित एवं सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा। गंगा नदी पर बना यह रेलवे पुल अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे प्रतिदिन कई यात्री व मालगाड़ियां गुजरती हैं। कार्य के दौरान ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ था, लेकिन अब रेलवे प्रशासन ने राहत की सांस ली है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई का निर्वाचन हुआ सम्पन्न, दोबारा निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए विनोद सिंह

**अमन लेखनी समाचार**



सुमेरपुर, उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई सुमेरपुर का चुनाव बृहस्पतिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक संसाधन केंद्र सुमेरपुर में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया जनपदीय संगठन द्वारा नियुक्त निर्वाचन पर्यवेक्षक विश्वनाथ सिंह, अध्यक्ष बीघापुर तथा निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मिश्रा, अध्यक्ष सिकन्दरपुर की देखरेख में सम्पन्न कराई गई, जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के बड़ी संख्या में शिक्षकों ने सहभागिता की। ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने पर केवल विनोद कुमार सिंह, मन्त्री पद के लिये वरुण मिश्रा और कोषाध्यक्ष के लिये राम कुमार ने पर्चा दाखिल किया। अन्य किसी प्रत्याशी के मैदान में न उतरने के कारण निर्वाचन अधिकारी ने ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर विनोद कुमार सिंह, मन्त्री पद पर वरुण मिश्रा और कोषाध्यक्ष पद पर राम कुमार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। लगातार दूसरी बार विनोद सिंह निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुने जाने पर शिक्षक साथियों में खुशी की लहर दौड़ गई और संगठन के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। निर्वाचन उपरांत आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के जिलाध्यक्ष,भगवंतनगर चैयरमैन आशीष शुक्ला, बृजेश कुमार पाण्डेय, गजेंद्र वर्मा, बैजनाथ सिंह, थाना बिहार प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, प्रधान आशीष सिंह, प्रधान अलावलपुर दीपक सिंह, प्रधान कुंभी भईया जी, महेंद्र प्रताप सिंह, मणिशंकर तिवारी, अरुणेंद्र प्रताप सिंह, वंदना दीक्षित, अखंड प्रताप सिंह, इंशद अली, हरिओम सिंह, देश दीपक पांडेय, सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला युवक का शव

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के गोरिन्दा गांव के 48 वर्षीय रोहित कश्यप पुत्र रामकृष्ण कश्यप का शव सोहरामऊ पाठकपुर मार्ग के किनारे भूमि ईंट भट्ठे के पास पड़ा मिला , सुबह जब ग्रामीण शौच क्रिया को गए तो रोहित का शव देख परिजनों को सूचना दी , पुत्र शिवम की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया । ग्रामीणों की माने तो रोहित शराब का लती था और दिन भर शराब पिये पड़ा रहता था । ग्रामीणों ने बताया कि रोहित लखनऊ के गौरी कस्बे में किराए के मकान में रह कर वही राजगीर (मिस्त्री) का काम करता था , गांव अक्सर आया जाया करता था । म्रतक अपने पीछे चार पुत्र शिवम , कुणाल ,शिवा , अमन तथा पत्नी चांदनी को रोता बिलखता छोड़ गया है । म्रतक के परिजनों ने बताया कि रोहित कल शाम को ही लखनऊ से आया था ।



कार्यवाहक थाना प्रभारी सुरेश पाल ने बताया कि अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नही मिला है आगे की कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी ।

## अभद्र भाषा को लेकर सपा के सांसद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**अमन लेखनी समाचार**



उन्नाव। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकताओं और महिला मोर्चा ने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अजेंद्र लोधी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और महिलाएं शामिल हुईं।

भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सांसद अजेंद्र लोधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मयार्दाओं का उल्लंघन और प्रधानमंत्री पद का अपमान बताया। प्रदर्शनकारियों ने सांसद से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसी भाषा स्वीकार्य नहीं है। भाजपा नेताओं ने जोर दिया कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन सार्वजनिक मंचों पर गरिमा और शिष्टाचार बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है।

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लोकप्रिय नेता हैं। उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना करोड़ों देशवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे हैं और भविष्य में भी ऐसी टिप्पणियों का जवाब जनआंदोलन से दिया जाएगा।

प्रदर्शन में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद थीं। प्रियंका शुक्ला और साधना दीक्षित सहित कई महिला नेताओं ने सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा के उपयोग और जनप्रतिनिधियों द्वारा संयम बरतने की आवश्यकता पर बल दिया।

कलेक्ट्रेट परिसर में हुए इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। भाजपा नेताओं ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपने की बात कही।

## जमीनी विवाद को लेकर भतीजे ने चाचा पर धारदार हथियार से किया हमला

**अमन लेखनी समाचार**

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में पुराने जमीनी विवाद में न्यायालय द्वारा जारी आदेश की नाप कराने पहुँची पुलिस के समक्ष भतीजे ने चाचा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें घायल को सीएचसी लाया गया जहां से चिकित्सकों द्वारा गंभीर घायल को हैलेट कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया है, पुलिस बल द्वारा हमलावर को मौके से भागने पर दौड़ाकर हिरासत में लेकर पुलिस थाने लाया गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव हयासपुर में आज दोपहर बाद भगदड़ तब मच गई जब गांव में एक पुराने जमीन के विवाद को लेकर न्यायालय द्वारा आदेश को तामील कराने के लिए राजस्व विभाग एवं पुलिस की टीम पहुंची थी। गांव मनिवासी गणेश पुत्र स्वर्गीय रामकुमार द्वारा वर्षों पूर्व एक मन्दिर बनवाया गया था, जिसमें चाचा ओमकार से विवाद था। जमीन के विवाद कों निपटाने के लिये सफीपुर तहशील की टीम स्थानीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची थी, बताया जा रहा हैं दोनों पक्षों द्वारा पुनः वाद विवाद शुरू हो गया था। इसी बीच गणेश द्वारा अपने चाचा पर धारधार हतियार से हमला कर दिया। जिससे चाचा ओमकार घायल होकर गिर गया, गणेश मौके से भागने लगा, मौजूद पुलिस टीम दौड़ाकर पकड़ कर हिरासत में लिया। वहीं घायल कों सीएचसी फतेहपुर चौरासी लाया गया जहां चिकित्सको द्वारा लाला लाजपत राय हॉस्पिटल कानपुर रेफर कर दिया।

मन्दिर के पास से रास्ता है जो वर्षो से विवादित था, इस रास्ते काफी लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। घायल के पुत्र अस्वनी कुमार ने गणेश को उनके पुत्र एवं पत्नी सहित गांव के ही हुकुम सिंह पुत्र लल्लू के विरुद्ध तहरीर देकर घटना की सूचना दी है।

## बार चुनाव - अध्यक्ष महामंत्री पद पर कांटे की टक्कर मतदान व परिणाम आज

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। बार एसोसिएशन संघ के चुनाव में अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए मतदान 15 मई शुक्रवार उसके बाद परिणामे

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में बीघापुर बार एसोसिएशन संघ के चुनाव की सरगर्मी तेज है बार चुनाव में अध्यक्ष व महामंत्री पद की कांटे की टक्कर है जिसमें अध्यक्ष पद में पूर्व अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह व पूर्व अध्यक्ष राम प्रकाश शर्मा के बीच कांटे की टक्कर है वही महामंत्री पद के लिए पूर्व महामंत्री सुरेश कुमार पटेल व अजय कुमार के बीच भी काफी संघर्ष मय मुकाबला है दोनों प्रमुख पदों पर चार प्रत्याशी मैदान में है बार चुनाव को लेकर लगातार सभी न्यायालय में अधिवक्तागण कई दिनों से न्यायिक कार्य से विरत है वही बार परिसर में प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में बैठकों संपर्क अभियान चुनावी रणनीति सभी प्रत्याशी अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए बृहस्पतिवार को देर शाम तक प्रत्याशी व उनके समर्थक जुटे रहे जिससे अधिवक्ताओं के बीच चुनाव को लेकर उत्साह दिनभर बना रहा 15 मई दिन शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे से लेकर सायंकाल 4:00 बजे तक मतदान और उसके बाद मत पत्रों की गणना और नतीजे इसी को लेकर प्रत्याशी व उनके समर्थक एक-एक वोट को अपनी तरफ अपने पक्ष में लाने के लिए हर तरीके से प्रयास करते रहे कुल मतदाता 96 है जो आने वाले समय में किसके हाथ अपने अध्यक्ष व महामंत्री की कमान देंगे इसका फैसला शुक्रवार को होगा।

## श्री राम सीता लक्ष्मण व हनुमान की मूर्तियों की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**अमन लेखनी समाचार**



हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के शेखूपुर तरेहा गांव स्थित श्री बालाजी मंदिर परिसर में प्रभु श्रीराम, जानकी माता, लक्ष्मण जी और हनुमान जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसके बाद मूर्तियों को नव निर्मित मंदिर में स्थापित किया गया।मूर्ति स्थापना से पहले लखनऊ से पधारे आचार्य देवेंद्र प्रसाद पाठक, प्रभाकर प्रसाद पाठक और सुधाकर पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री राम दरबार की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। इस दौरान विजय सिंह (पत्नी गायत्री सिंह), श्रवण सिंह (पत्नी उषा सिंह), विनोद सिंह (पत्नी प्रीति सिंह), सोनू सिंह (पत्नी मिथिलेश सिंह), महेंद्र सिंह, रामधीरज यादव, सुभाष सिंह, कैलाश सिंह और ज्ञान सिंह ने श्रीराम परिवार को जल स्नान कराया।

सैकड़ों महिलाओं ने भी जलाभिषेक में भाग लिया। जलाभिषेक के लिए समुद्र, गंगा, यमुना और सरस्वती सहित कई नदियों का जल श्री विजय सिंह द्वारा लाया गया था।प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत प्रभु श्रीराम परिवार की बारात और शोभायात्रा निकाली गई। भक्तगण डीजे पर भक्ति गीतों पर नाचते-गाते और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हुए दर्जनों वाहनों पर सवार होकर नगर पंचायत मोहान के सई नदी तट पर स्थित जलेश्वर नाथ मंदिर और राधा कृष्ण मंदिर होते हुए पुनः श्री बालाजी मंदिर पहुंचे। शोभायात्रा के बाद श्री प्रभुराम सहित पूरे राम दरबार को नव निर्मित मंदिर में विधि-विधान से विराजमान किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।आयोजकों ने बताया कि भक्त श्री विजय सिंह ने इससे पहले 31 मई 2025 को राधा कृष्ण जी और अप्रैल 2024 में मंशा माता सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों की भी प्राण प्रतिष्ठा कराकर मंदिर में विराजमान कराया था। इस शुभ अवसर पर विजय यादव, महेंद्र सिंह फरीदीपुर सहित सैकड़ों भक्तगण उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत, तीन युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। कटरा गांव थाना मौरावां निवासी 27 वर्षीय शुभभ पुत्र गोकुल गुप्ता क्षेत्र में किसी गांव वैवाहिक कार्यक्रम आया था , देर रात लगभग साढ़े 12 बजे शुभभ वापस घर जा रहा था , असोहा कालूखेड़ा मार्ग पर असोहा कस्बे में कन्दरपुर मोड़ के पास पहुंचा था कि असोहा निवासी दोष मुहम्मद का 22 वर्षीय पुत्र इरशाद मोहम्मद अपने मित्र सचिन के साथ बाइक कस्बे के भीतर से असोहा कालूखेड़ा मार्ग पर शुभभ से सीधा टकरा गया टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए , ग्रामीणों ने इरसाद के परिजनों को सूचना दी ,इरशाद के परिजनों ने तीनों घयाल युवको को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असोहा पहुंचाया , जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।इरसाद के परिजन इरसाद को लेकर लखनऊ एक निजी नरसिंग होम चले गए जहाँ इरसाद व सचिन का इलाज चल रहा है , वही शुभम का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है ।

## दीवार का खंभा गिरने से मजदूर की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र में एक हादसे में मजदूर विनोद कुमार की मौत हो गई। मैता गांव में घर के पास दीवार का खंभा गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, मैता गांव निवासी 30 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र राम नरेश मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वह इंडग्रो कंपनी में कार्यरत थे। यह हादसा उस समय हुआ जब वह अपने घर के पास मौजूद थे और अचानक दीवार का एक खंभा उन पर गिर पड़ा। खंभा गिरने से विनोद गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर उन्हें मलबे से बाहर निकाला और तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद विनोद कुमार को मृत घोषित कर दिया।विनोद की मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में मातम छा गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और बच्चों को छोड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि विनोद परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे, और उनकी आकस्मिक मृत्यु से परिवार पर गहरा आर्थिक संकट आ गया है।घटना की सूचना पर दही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने प्रशासन से आर्थिक मुआवजे की मांग की है।

## औद्योगिक क्षेत्रों की साफ सफाई को लेकर डीएम ने की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**




उन्नाव। जिला प्रशासन ने औद्योगिक क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाने का निर्णय लिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों में फैली गंदगी, कूड़े के ढेर, खड़ी झाड़ियों और सौंदर्याकरण के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों और उद्योग प्रतिनिधियों को निर्देश दिए कि जनपद के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कहीं भी कूड़े का ढेर या झाड़ियाँ दिखाई न दें और गंदगी फैली न रहे। इसके लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराए जाएँ। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले सभी क्षेत्रों की साफ-सफाई और सौंदर्याकरण का कार्य पूरा कर लिया जाए।जिलाधिकारी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों में फैली गंदगी से न केवल शहर की छवि खराब होती है, बल्कि वहाँ कार्य करने वाले मजदूरों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गंदगी और कूड़े से निकलने वाले केमिकल पानी में घुलकर संचारी रोगों को बढ़ावा दे सकते हैं। इसलिए साफ-सफाई के साथ-साथ कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था भी प्रभावी होनी चाहिए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, जिला पंचायत राज अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि पूरे औद्योगिक क्षेत्र को सेक्टरों में विभाजित कर बेहतर रणनीति के साथ कार्य योजना तैयार की जाए। प्रत्येक सेक्टर में सफाई, झाड़ी कटान और कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी तय की जाए।

जिलाधिकारी ने उद्योग प्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाएं और नियमित रूप से निगरानी भी करें। इसके अलावा, औद्योगिक क्षेत्रों को आकर्षक और व्यवस्थित बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता वाली लाइटिंग, वॉल पेंटिंग, साज-सज्जा और अन्य सौंदर्याकरण कार्य कराने के भी निर्देश दिए गए।उन्होंने जोर देकर कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया शहर की पहचान होते हैं, इसलिए उनका स्वच्छ और सुंदर दिखना बेहद जरूरी है। बैठक में यह भी तय किया गया कि नगर पालिका की गाड़ियां नियमित रूप से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करेंगी।

## सम्पादकीय

# विदेशी मुद्रा पर दबाव कम करने के प्रयास

उपभोग और आर्थिक जिम्मेदारी के बीच राष्ट्रहित में संतुलन बनाया जाना बेहद जरूरी है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अनिश्चितताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अपील को केवल राजनीतिक बयान के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। पेट्रोल-डीजल की खपत घटाने, अनावश्यक सोना खरीदने से बचने, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने, विदेशी यात्राओं में कटौती और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर जोर देना दरअसल, एक व्यापक आर्थिक रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है। इसका मूल उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार पर संभावित दबाव को कम करना और देश को वैश्विक आर्थिक झटकों के लिए तैयार करना है। यह सच है कि वर्तमान में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से अधिक है और स्थिति किसी तत्काल संकट जैसी नहीं है, लेकिन आर्थिक प्रबंधन केवल वर्तमान हालातों को देखकर नहीं किया जाता, बल्कि संभावित जोखिमों को पहले से पहचानकर तैयारी करना ही दूरदृष्टि कहलाता है। मध्य पूर्व में जारी तनाव और हार्मुज जलडमरूमध्य पर मंडराते खतरे दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकते हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। ऐसे में तेल कीमतों में वृद्धि का सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था, महंगाई और व्यापार घाटे पर पड़ना तय है। प्रधानमंत्री की अपील का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें जनता की भागीदारी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़ा गया है। यदि नागरिक सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करें, कार पूलिंग अपनाएं और अनावश्यक ईंधन खर्च कम करें तो इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। इसी प्रकार, इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों को बढ़ावा देना भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में सकारात्मक कदम हो सकता है। सोने की खरीद को लेकर की गई अपील भी आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। भारत अपनी लगभग पूरी सोने की जरूरत आयात के माध्यम से पूरी करता है। यही कारण है कि जब सोने का आयात बढ़ता है तो डॉलर की मांग भी बढ़ती है और व्यापार संतुलन प्रभावित होता है। जीटीआरआई द्वारा इस अपील का समर्थन यह दर्शाता है कि यह केवल भावनात्मक राष्ट्रवाद नहीं, बल्कि आर्थिक यथार्थ से जुड़ा विषय है। यदि एक वर्ष तक गैर-जरूरी सोना खरीदने से परहेज किया जाए तो इससे विदेशी मुद्रा पर पड़ने वाला दबाव काफी हद तक कम हो सकता है। हालांकि, यह भी ध्यान रखना होगा कि केवल जनता से संयम की अपेक्षा करना पर्याप्त नहीं होगा। सरकार को भी वैकल्पिक निवेश साधनों को मजबूत और आकर्षक बनाना होगा, ताकि लोग सोने के बजाय वित्तीय निवेश की ओर बढ़ें। साथ ही, आयात आधारित उपभोग कम करने के लिए घरेलू उद्योगों को अधिक प्रतिस्पर्धी और सक्षम बनाना भी जरूरी है। विपक्ष द्वारा इस अपील को सरकार की विफलता बताना राजनीतिक दृष्टि से स्वाभाविक हो सकता है, लेकिन राष्ट्रीय चुनौतियों को केवल राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं होगा। इतिहास गवाह है कि संकट के समय सामूहिक अनुशासन और मितव्ययिता ने भारत को मजबूत बनाया है। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 'सप्ताह में एक दिन उपवास' का आह्वान हो या कोरोना काल में जनता की भागीदारी देश ने हर चुनौती में एकजुटता दिखाई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि आर्थिक जिम्मेदारी को केवल सरकार की नहीं, बल्कि नागरिक कर्तव्य के रूप में भी देखा जाए।

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

श्वेता गोयल



# मानवता की निःस्वार्थ धड़कन और स्वास्थ्य का भविष्य हैं नर्स

जब भी मानवता की सेवा का उल्लेख होता है तो श्वेत परिधान में लिपटी एक ऐसी छवि मानस पटल पर उभरती है, जिसमें करुणा, धैर्य और समर्पण का अनूठा संगम होता है। यह छवि है 'नर्स' की। समाज के स्वास्थ्य ढांचे में नर्सें वह रीढ़ हैं, जिनके बिना चिकित्सा विज्ञान की गगनचुंबी इमारतें ढह सकती हैं। प्रतिवर्ष 12 मई को पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाकर धरती के इन 'फरिश्तों' के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करती है। यह दिन आधुनिक नर्सिंग की जननी 'लेडी विद द लैंप' फ्लोरेंस नाइटिंगेल की स्मृति को समर्पित है, जिन्होंने क्रीमिया युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की सेवा कर नर्सिंग को एक गरिमामय पेशे के रूप में स्थापित किया। वर्ष 2026 में इस दिवस का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेज (आईसीएन) ने इस वर्ष के लिए 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' जैसा अत्यंत सार्थक विषय चुना है। यह वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों को बचाने और उन्हें संवारने का एक रोडमैप है। नर्सिंग का पेशा केवल दवाइयां देने या घावों पर पट्टी बांधने तक सीमित नहीं है। चिकित्सा जगत में डॉक्टर को यदि मस्तिष्क माना जाए तो नर्सें निश्चित रूप से उस तंत्र की धड़कन हैं। अस्पताल के बंद कमरों में जब एक मरीज अपनी बीमारी से जूझ रहा होता है और उसके परिजन भी साथ नहीं होते, तब एक नर्स ही उसकी मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक बनती है। वे मरीजों के स्वास्थ्य संकेतकों की चौबीसों घंटे निगरानी करती हैं, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण यह है कि वे मरीज के टूटते हौसले को अपनी मुस्कान और सांत्वना से जीवित रखती हैं। यही कारण है कि नर्सिंग को विश्वभर में सबसे भरोसेमंद और पवित्र पेशों में शुमार किया जाता है। एक सशक्त नर्स न केवल रोगी की शारीरिक व्याधि को दूर करने में सहायक होती है, बल्कि अपने नैदानिक कौशल और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता से मृत्यु के द्वार पर खड़े व्यक्ति को जीवनदान भी देती है। भारत के संदर्भ में देखें तो नर्सों के योगदान को पहचान देने के लिए सरकार ने 1973 में 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की थी। प्रतिवर्ष 12 मई को देश के महामहिम राष्ट्रपति उन नर्सों को सम्मानित करते हैं, जिन्होंने अपनी ईमानदारी और निस्वार्थ सेवा से समाज में एक मिसाल कायम की है। अब तक सैंकड़ों नर्सिंग कर्मियों को यह सम्मान मिल चुका है, जो इस पेशे की महत्ता को दर्शाता है। हालांकि, पुरस्कारों और सम्मानों से परे नर्सों की वास्तविक स्थिति पर विमर्श करना भी आवश्यक है। आज भी दुनिया के कई हिस्सों में प्रशिक्षित नर्सों की भारी कमी है। विश्व बैंक और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें अक्सर इस ओर इशारा करती हैं कि विकासशील देशों से नर्सों का पलायन विकसित देशों की ओर हो रहा है। इसके पीछे बेहतर वेतन, बेहतर जीवन स्तर और कार्य की अधिक अनुकूल परिस्थितियां मुख्य कारण हैं। यह पलायन विकासशील देशों की स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि नर्सों की कमी का सीधा प्रभाव शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर पर पड़ता है। किसी भी राष्ट्र की स्वास्थ्य व्यवस्था का पैमाना यह नहीं है कि वहां कितने आधुनिक अस्पताल हैं, बल्कि यह है कि वहां प्रति व्यक्ति कितनी प्रशिक्षित नर्सें उपलब्ध हैं। वर्तमान में भारत में लगभग 1100 की आबादी पर एक नर्स है, जो आदर्श मानकों से काफी पीछे है। नर्सों के सामने आने वाली चुनौतियों में सबसे प्रमुख कार्यस्थल पर अत्यधिक दबाव और उचित सुविधाओं का अभाव है। विशेष रूप से निजी क्षेत्रों और छोटे शहरों में नर्सों को लंबे समय तक काम करना पड़ता है और इसके बदले उन्हें वह सम्मान या वेतन नहीं मिल पाता, जिसकी वे हकदार हैं। इस वर्ष की थीम 'सशक्त नर्सें' हमें अहसास कराती है कि हमें नर्सों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। एक थकी हुई और उपेक्षित नर्स कभी भी अपनी पूरी क्षमता से सेवा नहीं दे सकती। इसलिए, उन्हें नेतृत्व के पदों पर बिठाना और उनके लिए शोध एवं प्रशासनिक कार्यों के द्वार खोलना समय की मांग है। नर्सों का कार्य केवल बिस्तर के पास खड़े रहना नहीं है



**मंथन**

प्रमोद भार्गव

भारत में जैविक आतंक फैलाने की बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मई 2026 में तीन लोगों के विरुद्ध अहमदाबाद गुजरात की विशेष एनआईए अदालत में आरोप-पत्र प्रस्तुत किया है। इस षड्यंत्र में हैदराबाद के मुख्य आरोपी डॉ. सैयद अहमद मोहिउद्दीन को गिरफ्तार किया है। इसने अपने घर में ही एक घातक जैविक विष बनाने की प्रयोगशाला बना ली थी। इसे अरंडी के बीज से तैयार किया जाता है। इस मामले में सहयोगी आरोपी उप्र के आजाद और मोहम्मद सुहेल को भी गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी आईएसआईएस से जुड़े विदेशी आतंकियों के इशारे पर काम कर रहे थे। इनका लक्ष्य भारत में भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर जैविक जहर फैलाना था। ये फलों, सब्जियों और मंदिरों के प्रसाद में भी जहर मिलाकर हमले की साजिश रच रहे थे।

# मंडरा रहा जैविक आतंक का खतरा

जैविक आतंकवाद अब प्रामाणिक सच्चाई में बदलता दिखाई देने लगा है। भारत में जैविक आतंक फैलाने की बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मई 2026 में तीन लोगों के विरुद्ध अहमदाबाद गुजरात की विशेष एनआईए अदालत में आरोप-पत्र प्रस्तुत किया है। इस षड्यंत्र में हैदराबाद के मुख्य आरोपी डॉ. सैयद अहमद मोहिउद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। इसने अपने घर में ही एक घातक जैविक विष बनाने की प्रयोगशाला बना ली थी। इसे अरंडी के बीज से तैयार किया जाता है। इस मामले में सहयोगी आरोपी उप्र के आजाद और मोहम्मद सुहेल को भी गिरफ्तार किया गया है। ये आरोपी आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े विदेशी आतंकियों के इशारे पर काम कर रहे थे। इनका लक्ष्य भारत में भीड़ भाड़ वाले स्थलों पर जैविक जहर फैलाने का था। फलों, सब्जियों और मंदिरों के प्रसाद में भी जहर मिलाकर हमला करने की साजिश रच रहे थे। ये ऐसी आतंकी घटनाओं को दिल्ली, अहमदाबाद और लखनऊ में अंजाम देने की फिराक में थे। दिल्ली पुलिस ने भी मई में आईएसआई के 9 एजेंटों को देश के विभिन्न नगरों से हिरासत में लिया है। ये गिरफ्तारियां इस बात का ठोस सबूत हैं कि आतंकी भारत में जैविक हमला करने की तैयारी में लगे हैं। कृत्रिम बुद्धि की उपलब्धियां अब केवल नौकरी, पढ़ाई और तकनीक तक सीमित नहीं रह गई है। जैविक सुरक्षा से जुड़े विशेषज्ञों को आशंका है कि एआई भविष्य में जैविक आतंकवाद को भी आसान बना सकता है। कोई भी व्यक्ति वैज्ञानिक विशेषज्ञता हासिल किए बिना बीमारी पैदा करने वाले जीवाणु-विषाणु एवं किटाणु बनाकर उन्हें बड़े समूहों में फैला सकता है।

हाल के दिनों में जीन या आनुवंशिक अनुक्रमण (जेनेटिक सीक्वेंस, सीआरआईएसपीआर यानी क्लस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स जैसी क्रांतिकारी जीन संपादन तकनीक से जीवित जीवों के डीएनए को मनचाहे रूप में परिवर्धित करने के लिए उपयोग में लाए जाते हैं। ये बायोलॉजीकल इंजीनियरिंग टूल किट्स बाजार में उपलब्ध होने लगे हैं। प्रयोग में लाए जाने वाले कई औजार और अन्य सामग्री ऑनलाइन वेबसाइट से खरीदे जा सकते हैं। इससे हानि नहीं पहुंचाने वाले जीवाणुओं को जानलेवा घातक बनाया जा सकता है। इनके निर्माण में एआई के समय में विकसित हुए लार्ज लैंग्वेज मशीन (एलएलएम) मॉडल को प्रयोग में लाया जाता है। यह एक प्रकार की कृत्रिम बुद्धि है। इससे इंसानी भाषा को समझने, सारांशित और अनुवादित करके एआई पाठ को कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रस्तुत कर देता है। ये कंप्यूटर मशीन, लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क का उपयोग करते हैं। अतएव यह तकनीक इंटरनेट पर उपलब्ध डाटा से संदर्भ एकत्रित कर इंसान से संवाद करने में सक्षम हैं। इसी तकनीक से आतंकी जैविक हथियार बनाने के उपाय में लगे हैं। किसी भी वैज्ञानिक तकनीक के अनुचित उपयोग के परिप्रेक्ष्य में विशेषज्ञों का चिंतित होना स्वाभाविक है, क्योंकि जैविक हथियार बनाने की विधियां ओपन एआई और गूगल जैसे प्लेटफार्म पर सुलभ हैं। हालांकि इस संदर्भ में यह एक अच्छी बात है कि एलएलएम के प्रयोग बड़ी संख्या में गड़बड़ा जाते हैं। फिर भी तकनीकी जानकारी की आसान उपलब्धता से अनेक यूजर इस तकनीक को सीखने में लगे रहें, तो वे विशेषज्ञ बन सकते



हैं। एआई कंपनियां भी अब इस बात को स्वीकारने लगी हैं कि उनके मॉडल मामूली विज्ञान संबंधी ज्ञान रखने वाले जिज्ञासु की जैविक हथियार बनाने में मदद करने में सहायक होते है। ऐसे में रोगाणु बनाने का इच्छुक व्यक्ति जैविक आतंक फैलाने के लिए जैविक हथियार बनाने में सफल हो सकता है। इस संदर्भ में मिशिगन मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी के प्राध्यापक माइकेल इंपीरियेल का कहना है कि डीएनए या आरएनए के कणों से जीवाणु या विषाणु बनाना इतना सरल भी नहीं है कि कोई भी व्यक्ति जैविक हथियार आसानी से बना लें? फिर भी जैविक औजारों से घातक जैविक हथियार बनाए जा सकते हैं। कोरोना वायरस के अस्तित्व में आने के बाद से ही ये आशंकाएं बनी हुई हैं, कि दुनिया के जैव प्रौद्योगिकी में सक्षम देश जैविक या कीटाणु हथियार (बायोवेपन) बनाने में लगे हुए हैं। इबोला के साथ-साथ मारबर्ग वायरस को भी रूस ने टोलेडो परियोजना में शामिल किया हुआ है। इस विषाणु से संक्रमित लोगों में से 88 प्रतिशत की मौत हो जाती हैं। दरअसल, चीन से उपजे कोरोना वायरस ने जैविक हथियारों का नया रास्ता खोल दिया है। इस तरह के औजारों में जीवाणु, विषाणु, कीटाणु, फफूंद और जैविक आविश (पेड़-पौधों व जंतुओं में पैदा होने वाले जहरीले पदार्थ) जैसे संक्रमण फैलाने वाले जीवाणुओं एवं विषाणुओं का उपयोग किया जाता है। आजकल खासतौर से चीन और अमेरिकी वैज्ञानिक विषाणु (वायरस) और जीवाणु (बैक्टीरिया) से प्रयोगशालाओं में छेड़छाड़ कर एक तो नए विषाणु व जीवाणुओं के उत्पादन में लगे हैं, दूसरे उनकी मूल प्रकृति में बदलाव कर उन्हें और ज्यादा सक्षम व खतरनाक बना रहे हैं। इनका उत्पादन मानव स्वास्थ्य के हित के बहाने किया जा रहा है, लेकिन ये कोरोना की तरह ही बेकाबू होते रहे तो तमाम मुश्किलों का भी सामना दुनिया को करना पड़ सकता हैं अमेरिका के विस्कोसिन-मेडिसन विवि के वैज्ञानिक योशिहिरो कावाओका ने स्वाइन फ्लू के वायरस के साथ छेड़छाड़ कर उसे इतना ताकतवर बना दिया है कि मनुष्य शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली उसका कुछ बिगाड़ नहीं सकती। मसलन मानव प्रतिरक्षा तंत्र उस पर बेअसर रहेगा। यहां सवाल उठता है कि खतरनाक वीषाणु को आखिर और खतरनाक बनाने का औचित्य क्या है? कावाओका का दावा है कि उनका प्रयोग 2009 एच-1, एन-1 विषाणु में होने वाले बदलाव पर नजर रखने के हिसाब से नए आकार में ढाला गया है। वैक्सीन में सुधार करने के लिए उन्होंने वायरस को ऐसा बना दिया है कि मानव की रोग प्रतिरोधक प्रणाली से बच निकले। मसलन रोग के विरुद्ध मनुष्य को कोई संरक्षण हासिल नहीं है। कावाओका ने यह भी दावा किया था कि उन्होंने 2014 में रिर्वस जेनेटिक्स तकनीक का प्रयोग कर 1918 में फैले स्पेनिश फ्लू जैसा जीवाणु बनाया है, जिसकी वजह से प्रथम विश्व युद्ध के बाद 5 करोड़ लोग मारे गए थे।

पोलियो, रैबिज और चिकनपॉक्स जैसे घातक रोगों के वैक्सीन पर उल्लेखनीय काम करने वाले वैज्ञानिक स्टेनली प्लॉटकिन ने भी कावाओका के काम के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा था, ऐसी कोई सरकार या दवा कंपनी है, जो ऐसे रोगों के विरुद्ध वैक्सीन बनाएगी जो वर्तमान में मौजूद ही नहीं हैं? हाल ही में त्वचा कैंसर के उपचार के लिए टी-बैक थेरेपी की खोज की गई है। इसके अनुसार शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को ही विकसित कर कैंसर से लड़ा जाएगा। इस सिलसिले में स्टीफन हॉकिंग ने सचेत किया था कि इस तरीके में बहुत जोखिम है। क्योंकि जीन को मोडीफाइड करने के दुष्प्रभावों के बारे में अभी तक वैज्ञानिक खोजें न तो बहुत अधिक विकसित हो पाई हैं और न ही उनके निष्कर्षों का सटीक परीक्षण हुआ है। दरअसल मानव निर्मित वायरस इसलिए खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इसे पहले से उपलब्ध वायरस से ज्यादा खतरनाक बनाया जाता है।

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित

**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं।

## मन की शांति कैसे प्राप्त करें?



संकलित

**प्रेरणा**

सेठ अमीरचंद को हर पल कोई न कोई चिंता परेशान किये रहती थी। एक दिन वह कहीं जा रहा था तो रास्ते में उसकी नजर एक आश्रम पर पड़ी। वहां उसे किसी साधु के प्रवचनों की आवाज सुनाई दी। उस आवाज से प्रभावित होकर अमीरचंद आश्रम के अन्दर गया और बैठ गया। प्रवचन समाप्त होने पर सभी व्यक्ति अपने अपने घर को चले गये। लेकिन वह वही बैठा रहा। उसे देखकर संत बोले- कहो, तुम्हारे मन में क्या जिज्ञासा है, जो तुम्हें परेशान कर रही है। इस पर अमीरचंद बोला- बाबा, मेरे जीवन में शांति नहीं है। यह सुनकर संत बोले- घबराओ नहीं तुम्हारे मन की सारी अशांति अभी दूर हो जाएगी। संत की बात सुनकर ज्यों ही अमीरचंद ध्यान की मुद्रा में बैठा त्यों ही उसके मन में इधर-उधर की बातें घूमने लगीं और उसका ध्यान उचट गया। सेठ बोला- चलो, जरा आश्रम का एक चक्कर लगाते हैं। इसके बाद वे आश्रम में घूमने लगे। अमीर चंद ने एक सुंदर वृक्ष देखा तथा उसे हाथ से छुआ। हाथ लगाते ही उसके हाथ में एक कांटा चुभ गया और सेठ। बुरी तरह चिल्लाने लगे। यह देखकर संत वापस अपनी कुटिया में आए। कटे हुए हिस्से पर लेप लगाया। कुछ देर बाद वह सेठ से बोले- तुम्हारे हाथ में जरा-सा कांटा चुभा तो तुम बेहाल हो गए। सोचो कि जब तम्हारे अन्दर ईर्ष्या, क्रोध व लोभ जैसे बड़े-बड़े कांटे छिपे हैं, तो तुम्हारा मन भला शांत कैसे हो सकता है ? संत की बात से सेठ अमीरचंद को अपनी गलती का अहसास हो गया। वह संतुष्ट होकर वहां से चला गया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एक वोट की ताकत

लोकतंत्र केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि जन-जन की भागीदारी का जीवंत प्रतीक है। इसमें हर नागरिक का वोट समान महत्व रखता है, चाहे वह गरीब हो या अमीर, शिक्षित हो या अशिक्षित। हाल ही में तमिलनाडु की तिरुप्पतूर विधानसभा सीट का परिणाम इस सत्य को फिर से प्रमाणित करता है, जहां मात्र एक वोट के अंतर से चुनाव का परिणाम तय हुआ। टीवीके के उम्मीदवार सीनिवसा सेतुपति आर ने डीएमके के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री केआर पेरियाकरुप्पन को केवल एक वोट से हराया। यह घटना केवल एक चुनावी आंकड़ा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गहराई और उसकी शक्ति का सशक्त संदेश है। 1999 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार लोकसभा में विश्वास मत के दौरान केवल एक वोट से गिर गई थी। उस एक वोट ने देश की राजनीतिक दिशा बदल दी।

*-आकाश साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

### गणित में भारत के योगदान वाली प्रदर्शनी का उद्घाटन



विदेश मंत्री एस जयशंकर आज संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में एक विशेष प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे, जिसमें सहस्राब्दियों के दौरान गणित के क्षेत्र में भारत के ऐतिहासिक और समृद्ध योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का शीर्षक है 'फ्रॉम शून्य टू अनंत (ज़ीरो टू इन्फिनिटी)- भारतीय सभ्यता का गणित में योगदान' जिसमें 2,000 से अधिक वर्षों में गणित के क्षेत्र में भारत के व्यापक योगदान और विचार, अनुप्रयोग तथा विकास की विरासत को उजागर किया जाएगा। जयशंकर दो से 10 मई तक जमैका, सूरीनाम और त्रिनिदाद एवं टोबैगो की आधिकारिक यात्रा पर थे। वह सोमवार को न्यूयॉर्क जाएंगे

## ऑफ बीट

### क्रूज जहाजों पर बीमारी फैलने का खतरा अधिक क्यों होता है



समुद्री क्रूज यात्राओं को आम तौर पर आरामदायक और विलासितापूर्ण छुट्टियों के रूप में प्रचारित किया जाता है, लेकिन सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए ये जहाज यह समझने का भी महत्वपूर्ण माध्यम हैं कि संक्रामक बीमारियां किस तरह तेजी से फैल सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, क्रूज जहाज अस्थायी तैरते शहरों की तरह होते हैं, जहां हजारों लोग कई दिन तक एक ही जगह पर रहते, खाते, घूमते और मनोरंजन करते हैं। रेस्तरां, थिएटर, लिफ्ट, केबिन, रसोईघर, जल प्रणाली और बंद सामुदायिक स्थान संक्रमण के प्रसार को आसान बना देते है। एक बार कोई संक्रमण जहाज पर पहुंच जाए तो उसे रोकना बेहद कठिन हो सकता है।

## X ट्रेंड

### सनातन संस्कृति का दिव्य प्रतीक



प्रभास पाटन के तट पर सोमनाथ मंदिर श्रद्धा, भक्ति और भारत की सनातन संस्कृति का दिव्य प्रतीक बनकर आज भी अडिग खड़ा है। इस पावन मंदिर ने बर्बर आक्रमणों, विदेशी हमलों और सदियों के चुनौतीपूर्ण कालखंड को पार करते हुए अपनी अमर चेतना को अक्षुण्ण रखा है।

**-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### आत्मनिर्भर बनाने का रोडमैप



पेट्रोल-डीजल के उपयोग में संयम, वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा और केमिकल फर्टिलाइजर को छोड़ नेचुरल फार्मिंग को अपनाने का प्रधानमंत्री आह्वान भारत को आत्मनिर्भर और ऊर्जा सुरक्षा राष्ट्र बनाने का स्पष्ट रोडमैप है।

**-अमित शाह**, गृहमंत्री

### युवाओं का भविष्य छीन रहे



एक बार फिर से नीट-यूजी परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी को लेकर खबरें छप रही हैं। भाजपा राज में कई साल से परीक्षाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार देश के युवाओं से उनका भविष्य छीन रहा है। इस बार भी तकरीबन 23 लाख छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया। **-प्रियंका गांधी**, कांग्रेस सांसद

### मैं हार नहीं मानूंगी



डब्ल्यूएफआई में सत्ता में बैठे लोग चाहते है कि मैं इस खेल को छोड़ दूं, लेकिन मैं हार स्वीकार नहीं करूंगी। उन्हें अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होने दूंगी। आप मुझे 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' कह रहे हैं। क्या आपने अपनी भाषा देखी है? क्या आपको लगता है कि मैं वहां सुरक्षित हूं? **-विनेश फौगाट**, पहलवान

## संक्षेप

### सड़क हादसों पर लगेगी लगाम

**एसपी ने जेडएफडी योजना पर थाना प्रभारियों संग की बैठक**

अमेठी , सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और उनमें होने वाली मौतों की संख्या कम करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने देर रात एक महत्वपूर्ण बैठक की। यह गोष्ठी पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में आयोजित की गई, जिसमें जनपद के सभी थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष और यातायात प्रभारी शामिल हुए। यह बैठक उत्तर प्रदेश यातायात निदेशालय द्वारा जारी निर्देशों के तहत ेऋऊ (जीरो फेटिलिटी डिस्ट्रिक्ट) योजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी। इसका मुख्य लक्ष्य सड़क हादसों को रोकना और जिले को 'शून्य मृत्यु दर' वाला जिला बनाना हैपुलिस अधीक्षक ने बैठक में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान करने और जनपद में गठित क्रिटिकल कॉरिडोर टीम को सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर सघन वाहन चेकिंग तथा संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी पर जोर दिया। तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी के लिए रडार गन का उपयोग करने और ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की जांच करने के भी निर्देश दिए गए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार प्रवर्तन कार्रवाई करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त, वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने और सड़क सुरक्षा नियमों का सख्ती से पालन करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, सभी सीओ।और अन्य अधिकारी,कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### कचरे से ऊर्जा बना रहा आरजीपीटीआई

**डेढ़ टन कचरे से तैयार हो रहा एक कमर्शियल सिलेंडर**

अमेठी , राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान ने घरेलू और जैविक कचरे से बायोगैस बनाने की एक आधुनिक तकनीक विकसित की है। यह तकनीक देश में बढ़ते ऊर्जा संकट और कचरा प्रबंधन की समस्या का प्रभावी समाधान प्रस्तुत करती है। संस्थान द्वारा विकसित विशेष प्लांट में पत्तियां, सड़ा-गला भोजन, प्लास्टिक और अन्य घरेलू कचरे को वैज्ञानिक तरीके से संसाधित किया जाता है। इसके लिए संस्थान ने विशेष मशीनें तैयार की हैं।प्रक्रिया के पहले चरण में कचरे का पृथक्करण किया जाता है, जिसमें प्लास्टिक, लकड़ी और अन्य ठोस पदार्थों को अलग कर जैविक कचरे का पल्प तैयार होता है। इसके बाद, इस पल्प को दूसरी मशीन में भेजा जाता है, जहां लगभग 35 डिग्री सेल्सियस तापमान पर विशेष प्रक्रिया के माध्यम से इसे मीथेन गैस में बदला जाता है। तैयार गैस को बड़े टैंक में संग्रहित किया जाता है। संस्थान के अनुसार, लगभग डेढ़ टन कचरे से प्रतिदिन 20 किलो क्षमता का एक कमर्शियल गैस सिलेंडर तैयार हो रहा है।

इस प्रक्रिया से निकलने वाले स्लज और पानी का भी उपयोग किया जा रहा है।

# भरतपुर में सौ से अधिक लाभार्थियों ने शुरू किया नींव खुदाई का कार्य

## दिसंबर में मिला पैसा मई में शुरू हुआ आवास निर्माण कार्य

**आकार लेने लगा भरथापुर विस्थापितों के सपनों का ग्राम भरतपुर**

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। भरथापुर के विस्थापितों के खातों में मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत चालीस हजार रुपए की प्रथम किस्त दिसंबर महीने में ही जारी कर दी गई थी लेकिन अधिकारियों व लाभार्थियों की सुस्ती व उदासीनता के चलते भरतपुर में आवास निर्माण का कार्य आकर नहीं ले सका था वहीं जिला अधिकारी अक्षय त्रिपाठी को जब इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने संबंधित विभागों को जल्द भरतपुर कॉलोनी के विकास के लिए निर्देशित किया फल स्वरुप गुरुवार से भरतपुर कॉलोनी में मुख्यमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों ने पहुंचकर आवास निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया है मौके पर खंड विकास अधिकारी विनोद यादव अपनी टीम के साथ जुटे हुए।जनपद के दूरस्थ ग्राम भरथापुर के हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से 25 मार्च 2026 को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के ग्राम सेमरहना में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में विस्थापित परिवारों के लिए स्मार्ट ग्राम भरतपुर आकार लेने लगा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, जल निगम सहित अन्य विभाग अपने अपने हिस्से की आहूति डालकर भरथापुर गांव के विस्थापित परिवारों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित ग्राम का निर्माण करने में अग्रसर हैं। ग्राम भरतपुर में जहां लोक निर्माण विभाग द्वारा आंतरिक गलियों के प्रथम फेज अन्तर्गत मिट्टी भराई के उपरान्त गिट्टी डालकर रोड रोलर से कमपैक्शन का कार्य किया जा रहा है। जबकि विद्युत विभाग द्वारा खम्भे लगाये जाने का कार्य चल रहा है। जलनिगम द्वारा ग्राउण्ड जीरों पर पाइप लाइन बिछाने तथा बोरिंग कार्य स्थल पर तीन चिन्हित स्थानों पर बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वही मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों द्वारा आवास निर्माण हेतु नींव खुदाई का कार्य प्रारम्भ हो गया है। कुछ लाभार्थियों द्वारा आवास निर्माण हेतु ईंट आदि सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करा ली गयी है। वर्तमान समय में खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद यादव द्वारा कार्यस्थल पर उपस्थित रह कर युद्ध स्तर पर आवास निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी मिहींपुरवा विनोद यादव ने बताया कि भरतपुर कॉलोनी में जिन-जिन विभागों को निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है सभी लोग मिलकर कार्य कर रहे हैं सौ से अधिक लाभार्थी भी आवास निर्माण के लिए नींव की खुदाई व निर्माण कार्य में जुट गए हैं जल्द ही सभी लाभार्थी अपने आवास का निर्माण कार्य शुरू कर भरतपुर को नया आकार देंगे।

# प्रभारी मंत्री ने ग्राम चांदपारा पहुंचकर मृतक परिजनों को बधाया ढांढस

**पुष्प अर्पित कर मृतक को दी श्रद्धांजलि**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा



बहराइच। प्रदेश के मंत्री कृषि/प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ तहसील महसी अन्तर्गत ग्राम चांदपारा के मजरा महेशपुरवा पहुंचकर मृतक तेजराम पुत्र शिव प्रसाद के शोकाकुल परिवार से भेंट कर ढाढस बंधाया तथा मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि पीड़ित परिवारों को शीघ्र से शीघ्र अनुमन्य सहायता प्रदान की जाये।

उल्लेखनीय है कि मृतक तेजराम आयु लगभग 49 वर्ष फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का व्यापार करते थे। विगत 13 मई को फेरी के लिए सिपहियाप्यूली गये थे जहां पर लगभग 03:00 बजे तेज आंधी व तूफान से पीपल की डाल गिरने से तेजराम घायल हो गये थे। परिजनों द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दौरान-ए-इलाज 14 मई को लगभग 02:00 बजे तेजराम की मृत्यु हो गयी। स्थानीय प्रशासन द्वारा पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। मृतक तेजराम के परिवार में पत्नी सीमा देवी आयु 44 वर्ष, पुत्र सूरज कुमार आयु 24 वर्ष, अर्पित कुमार आयु 18 वर्ष व पुत्री मुन्नी देवी आयु 26 वर्ष बतायी गयी है।

# खेत से पंपिंग सेट इंजन चोरी, अब तक न मुकदमा दर्ज न खुलासा

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। थाना कैसरगंज क्षेत्र के नगर पंचायत कैसरगंज वार्ड संख्या 1 निवासी अनिल कुमार सिंह पुत्र मुन्ना सिंह ने खेत में लगा पंपिंग सेट इंजन चोरी होने के मामले में थानाध्यक्ष कैसरगंज को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

दिए गए शिकायती पत्र में बताया गया है कि शिकायतकर्ता का कृषि खेत घर से लगभग 500 मीटर दूर नहर पुलिया के पास स्थित है, जहां सिंचाई के लिए फील्ड मार्शल कंपनी का पंपिंग सेट इंजन लगाया गया था। इंजन की सुरक्षा और रखवाली के लिए खेत पर एक मड़हा बना हुआ है, जहां गांव निवासी लल्लन पुत्र अशर्फी रात में रहकर निगरानी करता है।

आरोप है कि दिनांक 10 मई 2026 की रात लल्लन खाना खाने घर चला गया। इसी दौरान अज्ञात चोर खेत में पहुंचकर पंपिंग सेट इंजन चोरी कर ले गए। जानकारी होने पर शिकायतकर्ता खेत पहुंचा तो इंजन गायब मिला। काफी खोजबीन के बाद भी इंजन का कोई सुराग नहीं लग सका।

पीड़ित का आरोप है कि घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने के बावजूद अब तक न तो मुकदमा दर्ज किया गया है और न ही चोरी की घटना का खुलासा हो सका है।इससे पीड़ित परिवार में नाराजगी व्याप्त है।

शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र एफआईआर दर्ज कर अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा चोरी गए इंजन की बरामदगी की मांग की है।

# अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर ने भारत-नेपाल सीमा का किया दौरा

**रूपईडीहा थाने का निरीक्षण कर स्थानीय व्यापारियों एवं पत्रकारों से जानी समस्याएं**

अमन लेखनी समाचार / मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन ने गुरुवार को भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। रूपईडीहा पहुंचने पर उन्हें आदर्श थाना परिसर में गॉड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। थाना रूपईडीहा में एडीजी का स्वागत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रद्युम्न सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत, सहायक कमांडेंट एस एस बी अमित कटियार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।निरीक्षण के दौरान एडीजी ने थाना परिसर, महिला डेस्क तथा अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित मुकदमों, अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की स्थिति की जानकारी ली। थाना परिसर में लंबे समय से खड़ी जब्त मोटरसाइकिलों के निस्तारण तथा थाना परिसर में अधिक से अधिक छायादार पेड़ लगाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान एडीजी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री संजय कुमार, व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष शैलेश जायसवाल, महामंत्री संतोष अग्रवाल एवं योगेंद्र शर्मा ने भारत-नेपाल सीमा पर व्यापार की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। व्यापारियों ने नेपाल सरकार द्वारा 100 नेपाली रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर टैक्स लगाए जाने के बाद व्यापार पर पड़ रहे प्रभाव की जानकारी दी। इस पर एडीजी ने संबंधित उच्च अधिकारियों तक मामला पहुंचाने का आश्वासन दिया।इसके बाद एडीजी मुथा अशोक जैन भारत-नेपाल सीमा स्थित नो मैंस लैंड पहुंचे और सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था व आवागमन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल तथा नेपाली पुलिस अधिकारियों से भी बातचीत कर सीमा पार आवागमन एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की।अंत में उन्होंने इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) रूपईडीहा का निरीक्षण कर निर्यात-आयात से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर थाना रूपईडीहा का समस्त स्टाफ एवं जिले के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# फंदे से झूल कर किशोरी ने की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार/आर एन तिवारी

शिवपुर, बहराइच। किशोरी ने फंदे से झूल कर गँवाई जान, पुलिस ने पूर्ण की संवैधानिक कार्यवाही। जिले के खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में बुधवार-बृहस्पतिवार की रात लगभग 3:00 बजे परिजनों ने देखा कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री हर्षिता शुक्ला ऊर्फ रुचि पुत्री गुड्डू शुक्ला फंदे से झूल रही है। यह देखकर पिता स्तब्ध रह गया और शोरगुल किया। जिस पर परिजनों सहित तमाम ग्रामीण एकत्रित हो गए। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना स्थानीय चौकी वैवाही पुलिस को दी गई अतएव प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट व चौकी वैवाही प्रभारी उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह मय हमराह द्वारा पहुंचकर शव को कब्जे में लिया गया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटायें हैं। चौकी प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि 16 वर्षीय हर्षिता शुक्ला ने फंदे से झूल कर आत्महत्या की है, आवश्यक जांच की जा रही है। संवैधानिक कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ज्ञातब्य हो कि विगत दिनों पूर्व किशोरी को जरवधिया निवासी एक युवक बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था। पिता द्वारा पुलिस कार्यवाही करने के उपरांत बीते तीन दिनों पूर्व ही किशोरी का बयान माननीय न्यायालय में करवाने के उपरांत किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दिया गया था। वहीं तेज तर्रार थानाध्यक्ष खैरीघाट की त्वरित कार्यवाही में आरोपी को जेल भेज दिया गया है, शेष कार्यवाही चल रही है। आरोपी बक्से नहीं जाएंगे।



# एक महीने में 26 सड़क हादसे

## 18 लोगों की मौत, 21 घायल; एसपी ने बताई वजह

अमन लेखनी समाचार




अमेठी , सड़क सुरक्षा अभियान और जागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद सड़क हादसों पर लगाम नहीं लग पा रही है। अप्रैल महीने के आंकड़े जिले की भयावह स्थिति को दशार्ते हैं। यातायात विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल माह में जिले में कुल 26 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 18 लोगों की मौत हो गई और 21 लोग घायल हुए।इसका मतलब है कि जिले में लगभग हर दिन एक सड़क हादसा हो रहा है। हादसों की बढ़ती संख्या को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक (एसपी) द्वारा घटनाओं का विश्लेषण किया गया, जिसमें चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। दुर्घटनाओं के शिकार हुए 21 लोगों में से दस लोग तेज गति (ओवर स्पीड) के कारण चपेट में आए। सात लोग ओवरटेक करने के प्रयास में दुर्घटनाग्रस्त हुए, जबकि दो लोग नींद आने या ध्यान भटकने की वजह से हादसों का शिकार हुए। क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार, अमेठी कोतवाली क्षेत्र में नौ दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें एक व्यक्ति की मौत हुई और पांच लोग घायल हुए। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में तीन दुर्घटनाओं में दो लोगों की जान गई और एक व्यक्ति घायल हुआ। मुसाफिरखाना क्षेत्र में एक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई, जबकि जामो में एक दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ। जायस क्षेत्र में पांच सड़क हादसों में एक व्यक्ति की मौत हुई और नौ लोग घायल हुए। इसी तरह, जगदीशपुर में चार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हुई और तीन लोग घायल हुए। कमरौली, बाजारशुकुल और मोहनगंज क्षेत्रों में भी सड़क हादसों में लोगों की जान गई। शिवरतनगंज में दो दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हुई और दो लोग घायल हुए। एसपी सरवणन टी के अनुसार, जिले में बढ़ते सड़क हादसों की मुख्य वजह यातायात नियमों की जानकारी का अभाव और लापरवाही है। बिना हेलमेट वाहन चलाना, सीट बेल्ट न लगाना, तेज गति से वाहन चलाना और मोबाइल पर बात करते हुए ड्राइविंग करना हादसों को बढ़ा रहा है।

# प्रभारी मंत्री ने कैसरगंज सीएचसी का किया निरीक्षण

## तहसील में जनसुनवाई कर अधिकारियों को दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री एवं जनपद बहराइच के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने गुरुवार को कैसरगंज का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज का औचक निरीक्षण किया तथा तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में हिस्सा लेकर आमजन की समस्याएं सुनीं।

### अस्पताल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

प्रभारी मंत्री ने सीएचसी पहुंचकर ओपीडी, आईसीयू वार्ड, एक्स-रे रूम, दवा वितरण केंद्र एवं अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का मूल्यांकन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने एक्स-रे टेक्नीशियन संध्या सिंह से प्रतिदिन होने वाले एक्स-रे की संख्या के बारे में जानकारी ली। जवाब में प्रतिदिन लगभग 45 एक्स-रे किए जाने की जानकारी मिलने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया।

### मरीजों से लिया फीडबैक

मंत्री शाही ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपचार व्यवस्था और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि मरीजों को समय से बेहतर चिकित्सा सुविधा एवं दवाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### तहसील सभागार में हुई जनसुनवाई

सीएचसी निरीक्षण के बाद प्रभारी मंत्री तहसील कैसरगंज पहुंचे, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उन्होंने आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### अधिकारी व जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कैसरगंज गौरव वर्मा, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील धनवंता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार, उपजिलाधिकारी अखिलेश सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज, तहसीलदार कैसरगंज, सीएचसी अधीक्षक, थाना प्रभारी कैसरगंज, भाजपा कार्यकर्ता अनिल वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, विद्युत विभाग एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# अप्रशिक्षित-चालक से बस चलवाने पर प्रबंधक समेत 3 पर मुकदमा

## स्कूल बस-ट्रैक्टर में हुई थी टक्कर, 21 लोग हुए थे घायल

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर,एक स्कूल बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर के मामले में एआरटीओ ने अप्रशिक्षित चालक, स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य समेत तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।इस हादसे में स्कूल स्टाफ के 21 लोग घायल हुए थे। दर्ज एफआईआर के अनुसार, बस चालक अनुज सिंह के पास व्यावसायिक वाहन चलाने का पांच वर्ष का अनुभव और वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। उसका व्यावसायिक लाइसेंस 21 सितंबर को जारी हुआ था, जो नियमों के अनुसार दो वर्ष से कम पुराना है। नियमानुसार, व्यावसायिक वाहन चालक के पास कम से कम पांच वर्ष पुराना व्यावसायिक ड्राइविंग लाइसेंस और अनुभव होना अनिवार्य है।आरोप है कि स्कूल प्रबंधक ने नियमों का उल्लंघन करते हुए अप्रशिक्षित चालक से बस चलवाई। चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बस में सवार लोगों की जान को खतरे में डाला और बस को ट्रैक्टर से टकरा दिया। यह घटना बुधवार को थाना निगोही क्षेत्र में विधायक सलोना कुशवाहा के आवास के पास हुई, जहां टक्कर के बाद दोनों वाहन पलट गए थे। बस सुभद्रा देवी महेश चंद्र कन्या इंटर कॉलेज के स्टाफ को शहर ला रही थी, तभी यह हादसा हुआ। सहायक उप संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हरिओम ने बस चालक अनुज सिंह, स्कूल प्रबंधक और स्कूल प्रधानाचार्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

# युवक पर चाकू से हमला करने वाला गिरफ्तार

**पुरानी रंजिश में वारदात को दिया था अंजाम, घायल का इलाज जारी**

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , बाघराय थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर चाकू से गंभीर हमला किया गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घायल युवक का इलाज चल रहा है। बरबन का पूरा गांव निवासी राहुल सरोज ने पुलिस को तहरीर दी है। राहुल के अनुसार, आरोपी रोमित ने गाली-गलौज करते हुए उस पर चाकू से हमला किया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है यह घटना सोमवार की बताई जा रही है। राहुल अपने गांव लौट रहा था, तभी रास्ते में आरोपी रोमित (20), पुत्र विजय कुमार ने उसे रोक लिया। पुरानी रंजिश को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया, जो देखते ही देखते बढ़ गया। आरोपी ने राहुल पर ताबड़तोड़ चाकू से करीब पांच वार किए। हमले में राहुल गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल राहुल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बाघराय में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है

# बारात में आतिशबाजी को लेकर बवाल

## पुलिस ने दोनों पक्षों के 12 लोगों पर केस दर्ज किया, कई घायल

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़,नगर कोतवाली क्षेत्र के खजुरनी गांव में निकाह समारोह के दौरान आतिशबाजी को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट और हंगामे में बदल गई, जिससे बारात में अफरा-तफरी मच गई। घटना में एक दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, खजुरनी गांव की एक युवती के निकाह के लिए देहात कोतवाली क्षेत्र के गुमान सिंह का पुरवा से बारात आई थी। आतिशबाजी के दौरान बारात में शामिल दो पक्षों के युवकों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट शुरू हो गई।

### चार नामजद, कई अज्ञात पर मुकदमा

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। जेल चौकी इंचार्ज प्रशांत दुबे ने मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। पुलिस ने एक पक्ष के परवेज और शाहरुख खान निवासी गुमान सिंह का पुरवा तथा दूसरे पक्ष के सैफ अली और समीर निवासी सोनावा को नामजद किया है। इसके अलावा 7 से 8 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने दर्ज किया केस

शहर कोतवाल सुभाष यादव ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी। ऐसे में चौकी इंचार्ज की तरफ से स्वतः संज्ञान लेते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है ।

## संक्षेप

### सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत

#### ग्रामीणों ने डीएम ऑफिस पहुंच कर कार्रवाई की मांग की

बागपत , सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। मंगलवार को मुकुंदपुर गांव के मोहित कुमार सहित कई ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव की जमीन पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है ।ग्रामीणों के अनुसार, यह जमीन ग्राम समाज और सार्वजनिक उपयोग के लिए है।कुछ लोग इस पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायतकताओं ने बताया कि पहले भी प्रशासन ने निर्माण कार्य रुकवाया था, लेकिन उसके बाद दोबारा कब्जे की कोशिशें शुरू हो गईं। इस अवैध निर्माण के कारण गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। शिकायत पत्र में ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो सरकारी भूमि पूरी तरह से अवैध कब्जे में चली जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की भी मांग की। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### किन्नर समाज डीएम कार्यालय पहुंचा

#### बाहरी लोगों पर उत्पीड़न और धमकी के आरोप लगाए

बागपत ,खेकड़ा क्षेत्र से किन्नर समाज का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को जिलाधिकारी (डीएम) कार्यालय पहुंचा। उन्होंने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की ।किन्नर समाज के सदस्यों ने आरोप लगाया कि दूसरे क्षेत्रों से आने वाले कुछ लोग उन्हें लगातार परेशान कर रहे हैं। ये बाहरी लोग उनके कार्यक्षेत्र में जबरन दखल देते हैं और विवाद पैदा करते हैं।किन्नर समाज की सदस्य मीनाक्षी, निक्की, नरगिस और चाहत ने बताया कि वे लंबे समय से खेकड़ा क्षेत्र में अपना पारंपरिक कार्य कर रही हैं।हालांकि, कुछ बाहरी लोग उन्हें लगातार धमका रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने पर उन्हें मारपीट की धमकी दी जाती है और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है।पीड़ितों ने बताया कि इस विवाद के कारण उनके बीच डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो ।जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से किन्नर समाज के सदस्यों को आश्वासन दिया गया कि पूरे मामले की जांच की जाएगी।

### सीसीएसयू के तपोवन में दिखा अजगर

#### छात्र नेता की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम, छात्रों में डर का माहौल

मेरठ , चौधरी चरण सिंह विश्विधालय परिसर स्थित मातादीन वाल्मीकि तपोवन क्षेत्र में मंगलवार विशाल अजगर दिखाई देने से हड़कंप मच गया। अजगर छात्र हॉस्टल के पास दिखाई देने की सूचना मिलते ही छात्रों, मॉर्निंग वॉक करने वालों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई।

# आंधी-तूफान में मरे 21 लोगों के परिवारों को 4-4 लाख

## प्रयागराज में 9 महिलाएं, 8 पुरुष, 4 बच्चे शामिल, प्रशासन ने दिया मुआवजा

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , उत्तर प्रदेश में बुधवार शाम आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई। सबसे ज्यादा नुकसान प्रयागराज जिले में देखने को मिला, जहां जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया।तेज हवाओं के चलते कई जगह पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जबकि कच्चे मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा। इस प्राकृतिक आपदा में मृतकों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। प्रशासन के मुताबिक मरने वालों में 9 महिलाएं, 8 पुरुष और 4 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा पांच



लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। आंधी-तूफान की चपेट में आने से 20 पशुओं की भी मौत हो गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों और पशुपालकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं। राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीमें जिलेभर में नुकसान का आकलन कर रही हैं।वहीं मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई मोर्चरी में कराई जा रही है। मोर्चरी पर मृतकों के परिजनों की भारी भीड़ मौजूद रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए हैं। शासन की ओर से मृतकों के परिजनों को दैवीय आपदा मद से चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके अलावा कच्चे मकानों के क्षतिग्रस्त होने पर चार हजार रुपये, पक्के मकानों के आंशिक नुकसान पर 6,500 रुपये तथा पूरी तरह मकान ध्वस्त होने पर 1 लाख 20 हजार रुपये तक मुआवजा दिए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

# पिता को मारकर घर के पीछे दफनाया

## आरोपी बेटा बोला- नमक-रोटी खाने को देता था, पुलिस ने गड्ढा खोदकर शव बाहर निकाला

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज ,छोटे बेटे ने पिता की लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। फिर डेडबॉडी को घर के पीछे खेत में गड्ढा खोदकर दफना दिया। तीन दिन बाद वह गड्ढे में मिट्टी डाल रहा था। तभी पड़ोसी भी वहां पहुंच गए। बदबू आने पर उन्हें शक हुआ और पुलिस को बुला लिया ।पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि मैंने अपने पिता को मारकर दफन कर दिया है ।वह मुझे खाने में रोटी और नमक देते थे। कई बार खाना भी नहीं देते थे। इसलिए उन्हें मारकर दफना दिया। पुलिस ने शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।घटना उतरांव थाना की है।

### पिता को लाठी से पीट-पीटकर मार डाला

सिठौली गांव के रहने वाले दयाराम यादव (60) किसान थे। घर में वह अपनी पत्नी और छोटे बेटे विजय के साथ रहते थे। उनका बड़ा बेटा संजय हत्या के मामले में जेल में बंद है। दूसरे नंबर का बेटा अजय रास्थान में परिवार सहित रहता है। सोमवार रात को दयाराम खाना खाने के बाद घर में चारपाई डालकर सो रहे थे। रात में विजय ने लाठी से उनके सिर पर हमला कर दिया। पीट-पीटकर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद घर के पीछे डेडबॉडी को दफना दिया ।बुधवार को कुत्तों ने मिट्टी को हटा दिया। यह देखकर विजय फावड़ा लेकर मिट्टी को फिर से गड्ढे में डाल रहा था। तभी पड़ोसी वहां पहुंच गए। उन्होंने विजय से पूछा कि यहां बदबू क्यों आ रही है मिट्टी के नीचे क्या दबा रहे हो विजय कुछ नहीं बोला। तभी पड़ोसियों ने पुलिस बुला ली।

### आरोपी बोला- मुझे खाने नहीं देते थे, पीटते थे

पुलिस ने विजय से पूछताछ की तो उसने बताया कि मेरी को पैरालिसिस है ।इसलिए खाना मैं ही बनाता था।

# टेक्निशियन की दुबई में संदिग्ध मौत

### साथियों ने दी सूचना, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका; निष्पक्ष जांच की मांग की

अमन लेखनी समाचार



मेरठ ,सरधना थाना क्षेत्र के रार्धना गांव निवासी 26 वर्षीय विवेक सोम की दुबई के शाहजहां में सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।इस घटना से परिवार और गांव में शोक का माहौल है।परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है, हालांकि मौत के कारणों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है ।15 वर्ष पहले हुआ था पिता का निधनपरिजनों ने बताया कि करीब 15 वर्ष पहले विवेक के पिता प्रवीण सोम का निधन हो गया था। परिवार में विवेक सबसे बड़ा था और उस पर मां, छोटे भाई तथा बहन की पूरी जिम्मेदारी थी।गांव में केवल तीन बीघा जमीन होने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी ।दुबई के शाहजहां रह रहा था युवकइसी आर्थिक तंगी के चलते विवेक ने इलेक्ट्रॉनिक्स का काम सीखा। छह महीने पहले वह अल्फ्राई नामक कंपनी के माध्यम से दुबई के शाहजहां चला गया था।वहां वह इलेक्ट्रॉनिक्स का कार्य कर रहा था और हर महीने घर खर्च के लिए पैसे भेजता था ।साथियों ने गांव में परिजनों को दी सूचना सुबह विवेक के साथियों ने गांव में परिजनों को फोन कर उसकी मौत की सूचना दी।सूचना मिलते ही ग्रामीण और रिश्तेदार विवेक के घर पहुंचने लगे ।गांव के प्रधान विश्वास सोम और राहुल सोम ने बताया कि परिजनों को विवेक की हत्या किए जाने की जानकारी दी गई है। ग्राम प्रधान ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को मामले की जानकारी दी है।

ताकि आवश्यक कार्रवाई पूरी कराकर विवेक का शव जल्द भारत लाया जा सके और मामले की निष्पक्ष जांच हो सके।

# डायरिया नियंत्रण व रोकथाम को आगे आएं निजी अस्पताल : डॉ. संजीव

### डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम से निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम को जोड़ने की पहल

### निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम में ओआरएस कॉर्नर बनाने की अपील

अमन लेखनी समाचार



मथुरा, 15 मई। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में जनपद में चलाये जा रहे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम से निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम को भी जोड़ने की पहल की गयी है। इस सम्बन्ध में बृहस्पतिवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सभागार में पब्लिक प्राइवेट इंटरफेस (पीपीआई) की बैठक हुई, जिसमें निजी क्षेत्र के 21 अस्पतालों व नर्सिंग होम के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने कहा कि डायरिया नियन्त्रण और रोकथाम में निजी अस्पताल और नर्सिंग होम बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने अपील की कि वह अपने-अपने अस्पतालों में ओआरएस कार्नर बनाने के साथ ही डायरिया के प्रति जागरूकता लाने में अहम भूमिका निभाएं। इस मौके पर पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) की कोमल घई ने डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के तहत पिछले तीन माह में आयोजित गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। पीएसआई इंडिया के अजय कुमार ने पिछले वर्ष डायरिया रोको अभियान के बारे में चर्चा की और निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम के प्रतिनिधियों से अपील की कि इस साल भी वह अपने-अपने अस्पतालों में ओआरएस कॉर्नर बनाने के साथ ही अभियान को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग करें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रोहिताश ने कहा कि निजी अस्पताल और नर्सिंग होम शून्य से पांच वर्ष तक के डायरिया प्रभावित बच्चों का रिकार्ड अवश्य रखें, जिनको ओआरएस और जिंक इलाज के तहत दिया गया हो। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ. ललित वार्ष्णेय ने मंच संचालन के साथ ही चिकित्सकों से कहा कि डायरिया एक गंभीर बीमारी है, इसके कारण प्रतिवर्ष बहुत से बच्चे प्रभावित होते हैं, थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता से इस बीमारी से बचाव संभव है।इसमें ओआरएस और जिंक बहुत महत्वपूर्ण घटक हैं, दस्त होते ही ओआरएस का घोल तुरंत शुरू कर देना चाहिए जिससे शरीर में होने वाली पानी की कमी को पूरा किया जा सके। जिला नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक फौजिया खान ने निजी चिकित्सालयों द्वारा की जाने वाली हेल्थ मैनेजमेंट इन्फोर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) पोर्टल की रिपोर्टिंग के बारे में बात की और सभी से कहा कि प्रतिमाह ससमय पोर्टल पर अपने अस्पताल में दी जाने वाली सेवाओं की रिपोर्ट अवश्य करें। बैठक में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. बी. एस. गोयल, डॉ. पवन अग्रवाल, डा. अंजू गुप्ता, डॉ. वर्तिका, डॉ. प्रीति लालवानी, डॉ. अवधेश अग्रवाल, डॉ. वी. के. अग्रवाल, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक पारुल शर्मा, जिला मातृ स्वास्थ्य सलाहकार मुकेश गौतम, जिला एचएमआईएस ऑपरेटर मोहम्मद रफीक, जेएसआई टीम, पीएसआई इंडिया के चोब सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# यूट्यूब से सीखकर कैश वैन से 27 लाख लूटे थे

## गाजियाबाद में 6 महीने रेकी, कई बार नाकाम हुए; 2 बदमाश अरेस्ट

अमन लेखनी समाचार




गाजियाबाद , एटीएम में कैश भरने वाली वैन लूटने वाले 2 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से 8.6 लाख कैश, घटना में इस्तेमाल बलेनो कार, एक तमंचा और कुल्हाड़ी बरामद की है ।पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उन्होंने लूट का तरीका यूट्यूब से सीखा था।6 महीने तक कैश वैन की रेकी की। वैन को कई बार लूटने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए।6 मई को मौका देखकर ड्राइवर को तमंचा सटाया और कैश वैन लेकर भाग गए थे। घटनास्थल से 8 किमी दूर कैश वैन को मसूरी थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर छोड़कर भाग गए थे। बदमाशों ने कैश वैन के अंदर लगे और एटीएम को कुल्हाड़ी से तोड़ दिया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद कैफ और मोहम्मद रिजवान के रूप में हुई है। घटना के मुख्य आरोपी समेत 4 बदमाश अभी फरार हैं। घटना क्रासिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में हुई थी। बदमाशों ने 27 लाख रुपए की लूट की थी। पहले लूट के बारे में जानते हैंक्रासिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे से सटे एचपी पेट्रोल पंप के पास इंडिया वन का एटीएम बूथ है। यह मेन रोड से करीब 50 मीटर अंदर गली में है।6 मई की दोपहर 1 बजे कंपनी के 4 कर्मचारी कैश वैन लेकर एटीएम में पैसा डालने गए थे। गार्ड और 2 कर्मचारी कैश लेकर एटीएम की तरफ चले गए। ड्राइवर तेजभान निवासी नोएडा कैश वैन में बैठा था, तभी मौका पाकर बदमाशों ने वैन पर धावा बोल दिया। तमंचे के बल पर ड्राइवर को बंधक बना लिया ।तमंचे की बट मारी, ड्राइवर ने विरोध करना चाहा, तो हवा में फायरिंग कर दी। इससे ड्राइवर डर गया। फिर बदमाश कैश वैन लेकर भाग गए। पुलिस को लूट की सूचना दी गई। करीब 2 घंटे बाद कैश वैन को मसूरी पुलिस ने बरामद कर लिया, लेकिन वैन में रुपए नहीं थे ।पहले ड्राइवर पर गया था संदेहशुरूआत में पुलिस को कैश वैन के ड्राइवर और कर्मचारियों पर शक हुआ। कर्मचारियों ने वैन में 27 लाख रुपए होने की जानकारी दी, लेकिन पूछताछ के दौरान उनके बयान अलग-अलग मिले। इसके बाद पुलिस ने ड्राइवर और एक कर्मचारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच में सामने आया कि बदमाशों ने पूरी रेकी के बाद वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय बदमाश पैदल ही मौके के आसपास घूम रहे थे। पुलिस को शक इस बात पर हुआ कि जब गार्ड दो कर्मचारियों को लेकर एटीएम में कैश डालने गया, तब ड्राइवर को वैन की खिड़की बंद रखनी चाहिए थी। आमतौर पर ऐसी स्थिति में वैन पीछे से लॉक रहती है ।पुलिस का कहना है कि बदमाशों ने तमंचा दिखाकर ड्राइवर से खिड़की खुलवाई। ऐसे में ड्राइवर के पास गाड़ी भगाने का मौका भी था।

# पुलिस और निगम के आदेशों की उड़ी धज्जियां

## बीते दिन चलाया था अतिक्रमण के खिलाफ अभियान, 24 घंटे भी नहीं हुआ पालन

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , व्यापारी ट्रैफिक पुलिस और निगम के अतिक्रमण अभियान की धज्जियां उड़ाते नजर आए। ट्रैफिक पुलिस और निगम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया था लेकिन 24 घंटे से कम समय में ही ये अभियान असफल होता दिखाई दिया। अभियान वाले इलाके में दुकानदारों ने फिर से सड़क किनारे सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया। इससे बाजारों में जाम जैसे हालात बन गए और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अभियान छतरी वाली पीर से घंटाघर तक चलाया गया था।इस दौरान ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम की टीम ने सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले 36 दुकानदारों को नोटिस जारी किए थे ।दुकानदारों को साफ चेतावनी दी गई थी कि दोबारा अतिक्रमण करने पर सामान जब्त करने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी ।अभियान की कमान एसपी ट्रैफिक राजेश कुमार श्रीवास्तव ने खुद संभाली थी। उनके साथ नगर निगम का परिवर्तन दल भी मौजूद रहा। निगम की ओर से प्रभारी संपत्ति भोला नाथ गौतम टीम के साथ मौके पर मौजूद थे। ट्रैफिक प्रभारी संतोष कुमार सिंह और देहलीगेट थाना प्रभारी अतुल कुमार ने संयुक्त रूप से नोटिस की कार्रवाई पूरी कराई थी। जिस सड़क पर अतिक्रमण हटवाया गया, उसी रास्ते पर जिला अस्पताल और जिला महिला अस्पताल स्थित हैं। सड़क पर कब्जे के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है और कई बार एंबुलेंस भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे मरीजों को परेशानी उठानी पड़ती है। अभियान के दौरान एसपी ट्रैफिक ने अतिक्रमण करने वाले 36 लोगों को इठर की धारा 289 और 292 के तहत नोटिस जारी किए थे। उन्होंने मौके पर साफ कहा था कि यह आखिरी मौका है और अब बार-बार समझाने के बजाय सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसपी ट्रैफिक ने चेतावनी दी थी कि नोटिस के साथ मुकदमे भी दर्ज किए जा रहे हैं। इसके बावजूद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो सामान जब्त करने और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी। हालांकि चेतावनी के बावजूद 24 घंटे के भीतर ही दुकानदारों ने दोबारा सड़क पर कब्जा कर लिया।

# फोम कंपनी में भीषण आग

## दमकल की 3 गाड़ियों ने पाया काबू, कोई हताहत नहीं

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा में एक फोम कंपनी के परिसर में भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है आग कंपनी के स्क्रैप और सूखे घास-फूस में लगी थी, जो काफी भीषण थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल की तीन गाड़ियों को बुलाया गया। दमकलकर्मियों ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा दियाआग लगने के बाद कंपनी परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। एहतियात के तौर पर वहां काम कर रहे कर्मचारियों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया ।जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि दादरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत डीएमआरसी फोम कंपनी के प्लॉट नंबर एच-1 में आग लगने की सूचना मिली थी।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## केवाईसी और रिवॉर्ड प्वाइंट के नाम पर ठगी, एपीके फाइल से करते एक्सेस, फिर खरीदते गोल्ड क्वाइन

अमन लेखनी समाचार




नोएडा , थाना फेज-1 पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मचारी बताकर लोगों से केवाईसी अपडेट और रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम कराने के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस ने सेक्टर-2 स्थित एक बिल्डिंग में चल रहे इस कॉल सेंटर पर छापा मारकर दोनों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के आधार पर को सी-90 सेक्टर-2 की चौथी मंजिल पर कार्रवाई की गई। यहां से विकास कुमार और सूरज नाम के दो युवकों को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन, दो पीली धातु के सिक्के और दो सफेद धातु के सिक्के बरामद हुए हैं, जिन्हें ठगी के पैसों से खरीदा गया था।

### एपीके फाइल कराते थे अपलोड

आरोपियों ने बताया कि वे कमीशन बेस पर काम करते थे और अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्ड धारकों का डेटा हासिल कर उन्हें कॉल करते थे। आरोपी खुद को एयू बैंक, एक्सिस बैंक समेत अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मचारी बताते थे। इसके बाद केवाईसी अपडेट करने और रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम कराने का झांसा देकर ग्राहकों के मोबाइल में एक एपीके फाइल इंस्टॉल करा देते थे।

# भाकियू ने आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी का विरोध किया

## कहा- लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार, रिहाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



जेवर, भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) टिकैत ने नोएडा पुलिस की कार्रवाई का कड़ा विरोध किया है।यह विरोध सोमवार को करप्शन फ्री इंडिया संगठन के बैनर तले जिला मुख्यालय पर चल रहे भूख हड़ताल आंदोलन के दौरान कुछ लोगों की गिरफ्तारी को लेकर है। भाकियू ने पुलिस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है।संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता पवन खटाना ने एक बयान जारी कर बताया कि प्रवीण कुमार भारतीय के नेतृत्व में लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे थे।इसके बावजूद पुलिस ने आंदोलनकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। खटाना ने इस कार्रवाई को पूरी तरह अनुचित और निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण प्रदर्शन और अपनी बात रखने का अधिकार है। आंदोलनकारियों के खिलाफ की गई यह कार्रवाई पुलिस की दमनकारी मानसिकता को दशार्ती है ।भाकियू ने नोएडा पुलिस को चेतावनी दी है कि यदि गिरफ्तार किए गए लोगों को बिना किसी शर्त के तत्काल रिहा नहीं किया गया, तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगा।

# थाना बभनी पुलिस द्वारा धारा 109, 324(4), 105 बीएनएस से संबंधित वाहन चालक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के पर्यवेक्षण में थाना बभनी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सड़क दुर्घटना के अभियुक्त चालक को गिरफ्तार कर मा० न्यायालय रवाना किया गया। थाना बभनी जनपद सोनभद्र में पीआरवी 7708 मोटरसाइकिल पर नियुक्त आरक्षी नीरज कुमार यादव दिनांक 12.05.2026 की शाम समय करीब 16:40 बजे इवेंट पर जा रहे थे कि दरनखां तिराहा बभनी के पास बभनी की तरफ से आसनडीह की ओर जा रहे टैंकर संख्या वढ65ङळ2466 के चालक द्वारा पीछे से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी गयी। घटना में घायल आरक्षी नीरज कुमार यादव को तत्काल उपचार हेतु सीएचसी बभनी ले जाया गया तथा बाद में मेडिकल कॉलेज लोढ़ी चुर्क सोनभद्र में उपचार कराया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर बीएचयू वाराणसी में दिनांक 12.05.2026 की रात्रि में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान आज दिनांक 13.05.2026 को प्रातः करीब 08:54 बजे उनकी मृत्यु हो गयी। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में थाना बभनी पर मु0अ0सं0-98/2026 धारा 109, 324(4), 105 बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना एवं आवश्यक कार्यवाही के क्रम में अभियुक्त टैंकर चालक संदीप यादव पुत्र सेवाशंकर यादव निवासी ग्राम कुशेरा थाना भदोही जनपद भदोही को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा० न्यायालय भेजा गया।

# ज्ञान भारतम मिशन के तहत पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान शुरू

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि ज्ञान भारतम मिशन के अन्तर्गत राष्ट्रीय पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के तहत जनपद सोनभद्र की गौरवशाली विरासत एवं ऐतिहासिक महत्व से जुड़ी प्राचीन पाण्डुलिपियों का संग्रह किया जाना है। इसके लिए जनपद में विशेष सर्वेक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से जनपद में स्थित निजी संस्थानों, संस्कृत पाठशालाओं, मंदिरों, मठों, आश्रमों, गुरुकुलों, ट्रस्टों सहित ऐसे निजी संग्रहकताओं से पाण्डुलिपियों की जानकारी एवं संग्रह आमंत्रित किया गया है, जिनके पास प्राचीन एवं दुर्लभ पाण्डुलिपियां सुरक्षित हैं। इनमें पुरोहित, धमार्चार्य, ज्योतिषाचार्य, आयुवेर्दाचार्य, संस्कृत एवं प्राचीन भाषाओं के विद्वान तथा अन्य महानुभाव शामिल हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि जिनके पास किसी भी प्रकार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक अथवा धार्मिक महत्व की पाण्डुलिपियां उपलब्ध हों, वे आगामी 31 मई, 2026 को सायं 05:00 बजे तक जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, सोनभद्र के सदस्य सचिव कार्यालय, कक्ष संख्या-57, विकास भवन में उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी कार्यालय कक्ष संख्या-32, कलेक्ट्रेट भवन सोनभद्र में भी उपलब्ध कराई जा सकती है। इसके सम्बन्ध में विशेष जानकारी हेतु सहायक जिला पर्यटन अधिकारी श्री राजेश भारती के सम्पर्क मो0 नम्बर 7905102135 व अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह के मो0 नम्बर 9555775723 पर सम्पर्क कर सकते है।

# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण की ओर सशक्त पहल

**महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

## खास समाचार

# बारातियों से भरी पिकअप पलटी, घायलों का हाल जानने रात में ही मेडिकल कॉलेज पहुंचे जिलाधिकारी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। सिलथं क्षेत्र में बारात लेकर जा रही एक पिकअप गाड़ी अचानक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार कई बाराती घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से सभी घायलों को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी चर्चित गौड़ देर रात मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घायल व्यक्तियों का हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने प्राचार्य मेडिकल कॉलेज को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी घायलों का समुचित एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

# पॉपकार्न के रोजगार करने वाले कारीगरों को मिलेगा निःशुल्क पॉपकार्न मेकिंग मशीन

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतम त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में निःशुल्क पॉपकार्न मेकिंग मशीन हेतु जनपद को मुख्यालय द्वारा 8 नग का वार्षिक लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं, उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा निःशुल्क संचालित टूल किट्स वितरण योजनान्तर्गत परम्परागत कारीगरों एवं उद्योग में रुचि रखने वाले प्रशिक्षण प्राप्त एवं अनुभवी व्यक्ति कार्य करने वाले इच्छुक उद्यमियों को निःशुल्क पॉपकार्न मेकिंग मशीन देकर स्वरोजगार उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है। पॉपकार्न बनाने वाले इच्छुक कारीगर/उद्यमी बोर्ड की वेबसाइट ४स्त्रह्य५ुं.ङ्क५.ल्ल की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ऑनलाइन टूल किट्स हेतु पंजीकरण कर सकते है और पंजीकरण करने की अन्तिम तिथि 25.05.2026 निर्धारित की गयी है, आवेदन ऑनलाइन उपरान्त हार्ड कापी कार्यालय में जमा किया जाना है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार्य नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के सी००जी० मो0नं0 9580503175 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

# दोना बनाने वाले कारीगरों को मिलेगा निःशुल्क मोटराज्ड दोना मेकिंग मशीन

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतम त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में निःशुल्क दोना मेकिंग मशीन हेतु जनपद को मुख्यालय द्वारा 8 नग का वार्षिक लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं, उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा निःशुल्क संचालित टूल किट्स वितरण योजनान्तर्गत परम्परागत कारीगरों एवं उद्योग में रुचि रखने वाले प्रशिक्षण प्राप्त एवं अनुभवी व्यक्ति कार्य करने वाले इच्छुक उद्यमियों को निःशुल्क मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन देकर स्वरोजगार उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है। दोना बनाने वाले इच्छुक कारीगर/उद्यमी बोर्ड की वेबसाइट नचाअपइण्हवअण्पद की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ऑनलाइन टूल किट्स हेतु पंजीकरण कर सकते है और पंजीकरण करने की अन्तिम तिथि 25.05.2026 निर्धारित की गयी है, आवेदन ऑनलाइन उपरान्त हार्ड कापी कार्यालय में जमा किया जाना है। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार्य नही किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के सी०यू०जी० मो0नं0 9580503175 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

# 25-25 हजार के चार इनामी बदमाश गिरफ्तार, डीजल चोरी और लूट की वारदातों का खुलासा

अमन लेखनी समाचार



संडीला। संडीला पुलिस ने डीजल चोरी और लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार शातिर इनामी बदमाशों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार सभी आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक आरोपी संगठित गिरोह बनाकर हाईवे और सुनसान इलाकों में वारदातों को अंजाम देते थे। गिरफ्तार आरोपियों में मथौगंज थाना क्षेत्र के ग्राम जेहदीपुर निवासी अशरफ अली पुत्र ताजीर शाह, आलम अली पुत्र अशरफ अली, असद उर्फ इरशाद अली पुत्र अशरफ अली तथा इशरत अली उर्फ छंगा पुत्र अशरफ अली शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य रात के समय हाईवे किनारे खड़े ट्रकों और भारी वाहनों से डीजल चोरी करते थे। विरोध होने पर आरोपी मारपीट और लूटपाट की घटनाओं को भी अंजाम देते थे। वारदात से पहले बदमाश इलाके की रेकी कर योजनाबद्ध तरीके से अपराध करते थे। पुलिस के अनुसार चारों आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है। इनके खिलाफ संडीला, मथौगंज, कछौना, बघौली और बिलग्राम समेत कई थानों में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट, चोरी, लूट, मारपीट, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और गोवध निवारण अधिनियम के तहत भी कार्रवाई हो चुकी है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक अशरफ अली पर छह, आलम अली पर पांच, असद उर्फ इरशाद अली पर सात तथा इशरत अली उर्फ छंगा पर छह मुकदमे दर्ज हैं। चारों आरोपियों पर कुल 24 आपराधिक मुकदमे बताए गए हैं। संडीला पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और इनके नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटाने में लगी हुई है।

# इमरती कॉलोनी में जलभराव समस्या के निराकरण हेतु जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**वाराणसी–शक्तिनगर राज्य मार्ग के साइड में निर्मित नाले की सफाई उपशा द्वारा 10 दिवस में करायी जाये–जिलाधिकारी।**

**5 टीमों के माध्यम से नाले की तीव्र गति से की जाये सफाई, नाले की सफाई में शिथिलता बरतने पर की जायेगी पेनाल्टी की कार्यवाही–जिलाधिकारी।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। इमरती कॉलोनी में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान एवं वाराणसी-शक्तिनगर राज्य मार्ग पर नगर पालिका क्षेत्र में साइड में निर्मित नाले की सफाई हेतु जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज वाराणसी- शक्तिनगर राज्य मार्ग पर निर्मित नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थित लगभग दो किलो मीटर लंबे नाले की सफाई कम से कम पांच टीम लगाकर युद्धस्तर पर कराई जाए। साथ ही नाले की सफाई से संबंधित प्रतिदिन की जियो टैग फोटो उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुकेश कुमार को भी निर्देशित किया कि नगर पालिका की टीम को सफाई कार्य में लगाया जाए तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सफाई कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध पेनल्टी की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिलाधिकारी ने इमरती कॉलोनी के पास जलभराव की गंभीर समस्या के निराकरण हेतु कराए जा रहे सर्वे कार्य की प्रगति की भी जानकारी ली तथा अधिकारियों को शीघ्र सर्वे पूर्ण कर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

# सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में सरस्वती शिशु मंदिर राप्तीनगर का दबदबा, अंशिका मौर्य ने किया टॉप

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर जनपद के राप्तीनगर स्थित केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (उइरए) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में सरस्वती शिशु मंदिर (10+2) रेल विहार, राप्तीनगर, गोरखपुर के मेधावियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। घोषित परिणामों में न केवल बहनों ने बाजी मारी है, बल्कि विभिन्न संकायों में उच्च अंक प्राप्त कर अपनी मेधा सिद्ध की है।

### मेधावियों ने लहराया सफलता का परचम

विद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार, गणित (टंइँ२) संकाय की छात्रा बहन अंशिका मौर्य ने 91% अंक प्राप्त कर विद्यालय की गौरव सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, जीव विज्ञान (इङ्ग) संकाय की बहन अदिति वर्मा ने 90% अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान और वाणिज्य (उङ्गीशू) संकाय की बहन माही श्रीवास्तव ने भी 90% अंक हासिल कर संयुक्त रूप से विद्यालय में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में अपना नाम दर्ज कराया। सफलता की यह कड़ी यहीं नहीं रुकी, अन्य मेधावियों में भैया अभय प्रताप सिंह ने 88.6%, बहन भाव्या ने 84%, बहन दर्शना पांडेय ने 81%, बहन मानसी त्रिपाठी ने 81% और भैया अंशुमान आर्य ने 80% अंक प्राप्त कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय दिया। कुल मिलाकर विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो यहाँ की उच्च कोटि की शिक्षा व्यवस्था को दशार्ता है। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य श्री विनोद सिंह राठौर जी ने कहा, ₹यह परिणाम भैया-बहनों के अनवरत परिश्रम, उनके अनुशासन और गुरुजनों के सही मार्गदर्शन का सुखद परिणाम है। उन्होंने भैया बहनों में भाव भरते हुए कहा कि- लक्ष्य ना ओझल होने पाये , कदम मिलाकर चल । मंजिल तेरे पग चूमेगी आज नहीं तो कल।। सरस्वती शिशु मंदिर में हम केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि एकाग्रता और समय प्रबंधन के संस्कार देते हैं, जो बोर्ड परीक्षाओं में निर्णायक सिद्ध होते हैं। अंशिका, अदिति और माही सहित सभी सफल छात्र हमारे विद्यालय की अमूल्य निधि हैं।₹ विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती रुकमणि उपाध्याय जी ने मेधावियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आज की इस सफलता में छात्राओं का वर्चस्व विशेष रूप से गर्व का विषय है। उन्होंने अपने विचारों में कहा, ₹एक विद्यार्थी के लिए परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। विशेष रूप से बहनों का टॉप करना यह दशार्ता है कि वे अपनी ऊर्जा और संकल्प शक्ति से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकती हैं। मुझे विश्वास है कि यहाँ से प्राप्त संस्कार और शिक्षा इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव बनेंगे।₹

### खुशी का माहौल

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन और आचार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। प्रधानाचार्य जी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास व्यक्त किया कि ये युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर कक्षा द्वादश के प्रभारी राम पुजारी चतुवेर्दी, विचित्र कुमार, सत्यम शह, श्रीमती क्षमा त्रिपाठी, मनीष प्रजापति, प्रियंका सिंह, मनीष राम त्रिपाठी, श्रीमती दीपिका मिश्रा उपस्थित रहे। इस आशय की सूचना विद्यालय के मीडिया प्रभारी प्रेम सागर त्रिपाठी ने दिया।

# आपरेशन सिंदूर बरसी पर सजी कविता की महफिल

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी शहीद स्थल पर बुधवार को आपरेशन सिंदूर को समर्पित काव्य प्रशून में कवियों ने राष्ट्राभिनंदन कर ओज व वीर रस की कविताओं से जनसमूह का मन मोह लिया। अध्यक्षता करते हुए चंदौली से आये शिवदास कवि ने, मातृभूमि के बलिवेदी पर हंसि हंसि शीश कटावै सेन्हुर, जहाँ सोहागिन लुटावैं सेन्हुर सुनाया और वातावरण सृजित किये । आयोजक संयोजक प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट प्रमुख शहीद स्थल करारी ने, सिंदूर जहाँ सुहागिनों ने दान किया है, बहनों ने अपने भाई को कुर्बान किया है, बेटे को लगा चंदन मां सीमा पर भेजती, बलिदानियों के बल पे हिंदुस्तान बना है। सुनाकर देश अनुराग का स्वर बुलंद किया। ओज की कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान शिक्षक ने, सिंदुर थाती जीवन बाती प्रीत का है आधार, मांग सजा कर सजन है करता सात जनम तक प्यार सुनाकर महफि ल लूट लिया सराही गयीं। गायक सुशील मिश्रा ने जाये नाहीं पावै सजना सेनुरा के पानी। सत के आगे टिकै न केहू एकर अमिट कहानी सुनाकर अभिव्यक्ति को धार दी। धर्मेश चौहान एडवोकेट ने, सिंदूर मन का विश्वास है सिंदूर धरती आकाश है छिपा है इसमें जीवन रहस्य, प्रीत अनुराग हर साँस है सुनाकर खूब तालियां बजवाते रहे। दिलीप सिंह दीपक सुनील चौचक दयानंद दयालू ने भी काव्य पाठ कर सिंदूर की महिमा को रेखांकित किया। सफल संचालन करते हुए अशोक तिवारी एडवोकेट ने सिंदुर में समाया संसार, भव्य छवि निर्मल अगम अपार सुनाकर गतिज उर्जा से महफि ल रौशन किये। आभार ऋषभ त्रिपाठी ने व्यक्त किया। शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण राष्ट्र गान से आयोजन को विराम दिया गया। इस अवसर पर राम यश त्रिपाठी विजय शंकर त्रिपाठी जयशंकर त्रिपाठी एडवोकेट ठाकुर कुशवाहा पुरुषोत्तम फारुख अली हाश्मी आद्या अनीशा चौहान हर्ष चौहान अंशिका गनेश बलिराम शिवम आदि देर शाम तक जमे रहे।

# बारहवीं में भी डीएवी के बच्चों ने क्षेत्र में लहराया परचम

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी, रिहंदनगर में बारहवीं के विज्ञान वर्ग के तेजश तिवारी एवं सुभार्थी विश्वास ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। तेजश तिवारी ने कैमेस्ट्री में सौ में सौ, पेंटिंग में 99, गणित में 98, कंप्यूटर में 93 एवं भौतिकी में 92 अंक प्राप्त किया है। सुभार्थी विश्वास ने पेंटिंग में 100, कैमेस्ट्री में 98, बायोलॉजी में 97, कंप्यूटर साइंस में 96 एवं अंग्रेजी में 91अंक प्राप्त कर दोनों विद्यार्थियों ने क्षेत्र में नाम रोशन किया है। शदाब नैय्यर खान ने 91.6 प्रतिशत एवं विनायक प्रताप सिंह 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वाणिज्य वर्ग में आवेश रजा 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कीर्तिका द्विवेदी ने 89.2 एवं शिवम कुमार 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। पेंटिंग विषय में सात विद्यार्थियों ने सौ प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। कक्षा बारहवीं के सभी सौ प्रतिशत विद्यार्थी पास हैं। विद्यालय के प्राचार्य श्री राजकुमार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। डॉ० आर के




झा, विजय तिवारी, डॉ० राजेश कुमार श्रीवास्तव, जय सिंह, एस पी तिवारी, डी सी शुक्ला, समता सिंह, अरूण कुमार सिंह, नीरज गुप्ता आदि शिक्षकों ने भी बधाई दिया है। कक्षा दसवीं में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने क्षेत्र में परचम लहराया था। विद्यालय में हर्ष का माहौल है।

# तैयारियां पूर्ण, डीबीए के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को 15 मई को दिलाई जाएगी शपथ

**–कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर दी गई जिम्मेदारी**

**–डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र भवन मे बैठक कर बनाई गई रणनीति।**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 15 मई को पूर्वान्ह 11 बजे तहसील सभागार रॉबर्ट्सगंज में संपन्न होगा। जिसकी तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बुधवार को डीबीए भवन में एक आवश्यक बैठक हुई, जिसमें विचार-विमर्श के बाद विभिन्न समितियों का गठन कर सम्बन्धितों को जिम्मेदारी दी गई है बता दें कि इस गरिमामय समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य एवं पदाधिकारी गोपनीयता की शपथ लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिशंकर सिंह एडवोकेट पूर्व अध्यक्ष/सदस्य बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश होंगे, वहीं विशिष्ट अतिथि पांचू राम मौर्य एड पूर्व अध्यक्ष/ सदस्य बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश, सांसद छोटेलाल सिंह खरवार व आशुतोष सिन्हा एडवोकेट सदस्य स्नातक क्षेत्र वाराणसी होंगे। समारोह की तैयारियों को लेकर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर सम्बन्धितों को दायित्व सौंपे गए। स्वागत समिति की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार यादव एडवोकेट को दी गई मंच व्यवस्था व मीडिया समन्वय की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव एडवोकेट, सुरेश सिंह कुशवाहा एड, पवन कुमार सिंह एड व प्रदीप कुमार मौर्य एडवोकेट को दी गई है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में जिले के समस्त अधिवक्तागण, जनप्रतिनिधिगण , प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी अधिवक्ता हितों की रक्षा एवं न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए संकल्पबद्ध है। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट व संचालन निवर्तमान वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने किया।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. - 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

कई हेल्थ डाटा के अनुसार दुनिया में 30 से 80 वर्ष की आयु वाले 1.4 बिलियन से अधिक लोग हाइपरटेंशन से ग्रस्त हैं। यह गंभीर चिंताजनक इसलिए भी है कि इससे कई दूसरी प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि हाई बीपी को लेकर आप पूरी तरह अवेयर रहें। इस बारे में कुछ यूजफुल सजेशंस।

# कई प्रॉब्लम्स की वजह बन सकता है हाई बीपी



**मेडिकल सजेशन**



डॉ. विपुल गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजिस्ट
नई दिल्ली

आज के दौर में हाइपरटेंशन यानी हाई बीपी को कॉमन डिजीज माना जाता है। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना ठीक नहीं है क्योंकि इसकी वजह से शरीर में कई अन्य गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**क्या होता है हाइपरटेंशन:** एक हेल्दी एडल्ट व्यक्ति का अपर या सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 120 एमएम एचजी और लोअर या डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 80 एमएम एचजी होता है। अगर लोअर रीडिंग 85 से अधिक और अपर रीडिंग 120 से अधिक हो तो उसे हाई बीपी कहते हैं। अगर यह रीडिंग 140/100 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे हाइपरटेंशन ग्रेड वन कहते हैं। अगर यह रीडिंग 170/110 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे ग्रेड टू हाइपरटेंशन कहते हैं।

**माना जाता है साइलेंट किलर:** अगर कोई व्यक्ति हाइपरटेंशन से ग्रस्त है तो रेग्युलर मॉनिटरिंग और डॉक्टर के कंसल्टेशन से दवा लेकर इसे कंट्रोल करना चाहिए। ऐसा न करने पर इसका बुरा असर कई अंगों पर पड़ सकता है। हार्ट, किडनी और आइज पर बुरा असर पड़ सकता है। पेशेंट को पैरालाइसिस होने का रिस्क रहता है, उसकी आंखों की रोशनी जा सकती है और उसको हार्ट अटैक भी हो सकता है। इसीलिए हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर कहते हैं।

**इन्हें होता है ज्यादा रिस्क:** हाइपरटेंशन होने का रिस्क उन लोगों को ज्यादा होता है, जिनका बॉडी वेट अधिक होता है, जिनकी हाई बीपी की फैमिली हिस्ट्री है, जो स्मोकिंग करते हैं, जिनको डायबिटीज है या जिनकी लाइफस्टाइल अनहेल्दी है।

**प्रमुख लक्षण:** आपको उन लक्षणों के बारे में भी जरूर जानना चाहिए, जो हाइपरटेंशन की वजह से हो सकते हैं। इनमें शामिल हैं- सिरदर्द, थकावट, घबराहट, बेचैनी, सुस्ती, वॉमिटिंग, आंखों से धुंधला दिखना। अगर बीपी बहुत ज्यादा हो तो नाक से ब्लीडिंग भी हो सकती है। चेस्ट में दर्द, सांस लेने में परेशानी महसूस हो सकती है।

**ऐसे करें बीपी कंट्रोल:** इसे कंट्रोल करने के लिए पेशेंट को रेग्युलर अपना बीपी, शुगर लेवल और कॉलेस्ट्रॉल चेक करवाते रहना चाहिए। अपनी लाइफस्टाइल हेल्दी रखनी चाहिए। हेल्दी डाइट लें, कॉमन आयोडाइज्ड सॉल्ट का सेवन डेली 5 ग्राम से अधिक नहीं करना चाहिए। कुछ लोग सेंधा नमक का सेवन करते हैं, लेकिन उसे भी कम लेना चाहिए क्योंकि उसमें पोटेशियम की मात्रा ज्यादा होती है। ग्रीन वेजिटेबल्स और प्रोटीन का सेवन करें, इससे वेट कंट्रोल रहेगा। मोनोअनसैचुरेटेड फैट जैसे ऑलिव ऑयल, कैनोला ऑयल और मस्टर्ड ऑयल का सेवन करना चाहिए।

**ट्रीटमेंट में न बरतें लापरवाही:** अगर लाइफस्टाइल और डाइट सुधारने के बाद भी बीपी नॉर्मल नहीं हो पा रहा है तो डॉक्टर से कंसल्ट करें। उनकी बताई दवा रेग्युलर लेनी चाहिए। ट्रीटमेंट में लापरवाही से दूसरे अंगों पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर कोई व्यक्ति डायबिटिक है और उसे हाई बीपी भी है तो उसे और भी अवेयर रहना चाहिए।

**बचाव के उपाय:** हाइपरटेंशन से बचने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें। फास्ट फूड और जंक फूड अवॉयड करें। अपना बॉडी वेट कंट्रोल रखें। बहुत मीठा और बहुत नमक वाली चीजें न खाएं। स्मोकिंग और एल्कोहल का सेवन न करें। रेग्युलर वर्कआउट करना, रोज अच्छी नींद लेना भी बीपी कंट्रोल करने में सहायक है। *

प्रस्तुति: विज्ञान भूषण

**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. मनीषा चक्रवर्ती
सीनियर कंसल्टेंट-पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी
मैरिंगो हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

बीते कुछ वर्षों में वयस्क और बुजुर्गों के अलावा बच्चे भी हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने लगे हैं। यह एक गंभीर समस्या है क्योंकि इससे बच्चों की फ्यूचर लाइफ प्रभावित हो सकती है। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि बच्चों में हाइपरटेंशन क्यों होता है, इसके क्या लक्षण हैं, इसका क्या उपचार है और इससे बच्चों को कैसे बचाया जा सकता है?

# सीरियस हेल्थ इश्यू चाइल्डहुड हाइपरटेंशन





पहले ऐसा माना जाता था कि हाइपरटेंशन बड़े और बुजुर्गों की बीमारी है, लेकिन आज के समय बच्चों में भी हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या तेजी से बढ़ रही है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के हिसाब से जिस उम्र में बच्चों का समुचित विकास होना चाहिए, उस उम्र में उन्हें हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी घेर रही है। विडंबना है कि ज्यादातर पैरेंट्स इसके लक्षणों को आए दिन होने वाली दूसरी बीमारी मानकर नजरअंदाज कर देते हैं और बीपी चेक कराने में लापरवाही करते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसी वजह से 9 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों में ब्लड प्रेशर हाई होने का पता नहीं चल पाता, जो भविष्य में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। यह गंभीर चिंता का विषय है।

**चिंताजनक हैं आंकड़े:** डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में हर 100 में से 7-8 बच्चे हाइपरटेंशन से जूझ रहे हैं। द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंस हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों में बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के मामले लगभग दो गुने हो चुके हैं। वर्ष 2000 में जहां बच्चों में हाई बीपी का आंकड़ा करीब 2-3 प्रतिशत था, वहीं वर्ष 2020 तक यह बढ़कर 6 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया है। बच्चों को हाइपरटेंशन की समस्या किसी भी उम्र में (जन्मजात विकार होने पर नवजात शिशु में भी) हो सकती है। लेकिन सबसे ज्यादा 10-15 साल के बच्चे इसके शिकार होते हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार बचपन में हाइपरटेंशन होने से व्यक्ति के जीवन के अगले पांच दशकों में दिल की बीमारी से होने वाली मौत का जोखिम 40-50 प्रतिशत बढ़ सकता है।

**क्या होता है ब्लड प्रेशर:** असल में ब्लड प्रेशर का संबंध हमारे हार्ट से है। हार्ट हमारे शरीर में एक पंप के रूप में काम करता है और ब्लड का सर्कुलेशन पूरे शरीर में करता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय ब्लड आर्टरीज या ब्लड वेसल्स में पड़ने वाले प्रेशर को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब हार्ट ब्लड को पंप करता है, तब प्रेशर ज्यादा होता है, जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। दूसरी हार्टबीट से पहले हार्ट रिलेक्स मोड में ब्लड अपने अंदर ले रहा होता है। तब ब्लड प्रेशर कम होता है जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं। शरीर की संरचना और आयु के हिसाब से ब्लड प्रेशर में अंतर होता है। ब्लड प्रेशर बीपी इंस्ट्रूमेंट, स्पिगनोमेनोमीटर इंस्ट्रूमेंट से मापा जाता है। इंस्ट्रूमेंट में आई ऊपर वाली रीडिंग सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर और नीचे वाली रीडिंग डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहलाती है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने बच्चों में हाइपरटेंशन मापने का अलग पैमाना सेट किया है। बच्चे की उम्र, लिंग और लंबाई के अनुसार अलग बीपी चार्ट बनाया गया है, जिसके आधार पर बच्चे का ब्लड प्रेशर की रेंज दी गई है। जैसे- नवजात शिशु में 60/40 मिमी. एचजी, एक साल में 80/60 मिमी. एचजी और उससे ऊपर नॉर्मल बच्चे में 90/60 मिमी. एचजी और 14-15 साल के बाद वयस्कों की नॉर्मल रेंज आ जाती है यानी 120/80 मिमी. एचजी। इनसे ज्यादा रेंज होने पर हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन की स्थिति मानी जाती है।

**ब्लड प्रेशर चेक कराना जरूरी:** अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार आमतौर पर सभी बच्चे 3 साल की उम्र तक रेग्युलर चेकअप के लिए पिडियाट्रीशियन डॉक्टर के पास जाते हैं। अन्य चेकअप्स के साथ उनका बीपी मापना कंपल्सरी है। अगर बीपी ज्यादा आता है, तो समय-समय पर यानी दो-तीन महीने में चेक कराना जरूरी है, क्योंकि जरूरी नहीं कि हाई ब्लड प्रेशर के सिंप्टप्स भी दिखें। अकसर यह साइलेंट किलर की तरह शरीर में धीरे-धीरे बढ़ता रहता है और बच्चे की हालत बिगड़ने के बाद ही पता चल पाता है।

**हाई बीपी के लक्षण:** बच्चे को सिरदर्द होना या चक्कर आना, देखने में दिक्कत हो रही है, पैरों में दर्द, लेग-क्रैंप्स होना, चलने या खेलने पर जल्दी थकान होना, पेट में दर्द होना, यूरिन करने में परेशानी होना, घबराहट होना, चिड़चिड़ापन होना, नींद न आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**क्या होते हैं कारण:** बच्चों में हाई बीपी के कई कारण हो सकते हैं जैसे-जेनेटिक या फैमिली हिस्ट्री होना। जन्मजात हार्ट की बनावट में खराबी होना जैसे- एओर्टा आर्टरीज (महाधमनी) में संकुचन होना। हार्ट मसल्स का कमजोर होना। हार्ट आर्टरीज पर प्रेशर पड़ने से उनके अंदर की लाइनिंग ब्लॉक होना। किडनी की आर्टरीज का ठीक से न बना होना या संकुचित होना। बुखार की वजह से शरीर की ब्लड वेसल्स में सूजन आना। गलत खान-पान जैसे- सोडियम रिच फास्ट या जंक फूड्स या फैटी फूड का अधिक सेवन, नमक का सेवन अधिक करना। अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली। फिजिकल एक्टिविटीज या रेग्युलर एक्सरसाइज की कमी। पढ़ाई और करियर को लेकर तनाव होना।



**क्या होता है असर:** बच्चे में अगर लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर रहता है, तो उसके कारण हार्ट में हाइपरट्रॉफी की समस्या हो जाती है। इसमें हार्ट मसल्स की थिकनेस बढ़ जाती हैं, जिससे हार्ट की पंपिंग पर असर पड़ता है या डायस्टोलिक फंक्शन धीरे-धीरे कम हो जाता है। ब्रेन, हार्ट, आइज, किडनी को नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है। बढ़ा हुआ बीपी धीरे-धीरे हार्ट की धमनियों पर दबाव डालता है, जिससे हार्ट डिजीज होने या हार्ट अटैक होने की आशंका रहती है। आर्टरीज फट सकती हैं और उनमें क्लॉटिंग होने से ब्रेन हैमरेज या ब्रेन स्ट्रोक हो सकता है। किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है।

**क्या है उपचार:** अगर ब्लड प्रेशर बार-बार हाई आ रहा हो या उसकी हार्ट की पंपिंग कम हो रही हो तो बच्चे को ज्यादा एक्टिविटीज करने से मना किया जाता है और उसे आईवी यानी नस के माध्यम से मेडिसिन दी जाती हैं। बच्चे के नॉर्मल होने पर ओरल लिक्विड मेडिसिन पानी में मिलाकर दी जाती है। साथ ही डॉक्टर मरीज को यथासंभव लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन करने की भी सलाह देते हैं जैसे- बीपी रेग्युलर चेक कराने, प्रोसेस्ड जंक फूड या ऑयली फूड से परहेज, कम नमक वाला खाना खाने, रेग्युलर कार्डियक एक्सरसाइज करना।

मेडिसिन आमतौर पर लंबे समय तक चलती हैं लेकिन कई मामलों में बच्चे का ब्लड प्रेशर नॉर्मल हो जाता है या फिर हार्ट की बनावट में सुधार होने या किडनी की बीमारी ठीक होने के बाद बीपी कंट्रोल में आ जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चे की मेडिसिन डॉक्टर के सुपरविजन में धीरे-धीरे बंद कर दी जाती हैं। पैरेंट्स को रेग्युलर डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए। मेडिसिन लेने में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा



### बच्चों को हाइपरटेंशन से बचाने के उपाय

रेग्युलर हेल्थ चेकअप और लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन से बच्चों को हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने से बचाया जा सकता है। फैमिली हिस्ट्री होने या प्रेगनेंसी के दौरान सामान्य अल्ट्रासाउंड में बच्चे के हार्ट की बनावट या मसल्स में थिकनेस होने की आशंका हो तो प्रेगनेंसी के 18-24 सप्ताह के बीच फीटल इकोकार्डियोग्राफी अल्ट्रासाउंड टेस्ट कराएं, ताकि पता चलने पर पैरेंट्स पहले ही केयरफुल हो सकें। अस्पताल से डिस्चार्ज होने से पहले पीडियाट्रिशियन डॉक्टर द्वारा नवजात शिशु के हार्ट या किडनी की बनावट और ब्लड प्रेशर की जांच जरूर की जानी चाहिए। सभी बच्चों का 3 साल से कम उम्र में ब्लड प्रेशर जरूर चेक कराएं। बच्चे का रूटीन चेकअप कराने या इम्यूनाइजेशन के लिए जाएं, तो उसका ब्लड प्रेशर जरूर चेक करवाएं। घर के बने संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें। यथासंभव बच्चों को फास्ट फूड, जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड, वसायुक्त आहार से दूर रखें। सीमित मात्रा में नमक का सेवन की आदत डालें। खासकर टेबल सॉल्ट यानी ऊपर से नमक मिलाना अवॉयड करें। बच्चों को ज्यादा नमक वाली चीजें जैसे- पैकेज्ड फूड, आचार, पापड़, चिप्स, बिस्कुट, नमकीन, सॉस कम दें। टीवी और मोबाइल स्क्रीन का समय सीमित करने, सेडेंटरी लाइफस्टाइल से दूर रहने और रोजाना क्षमतानुसार फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम खेलने या एक्सरसाइज करने के लिए बच्चों को प्रेरित करें। माता-पित अगर हाई बीपी की समस्या से पहले से पीड़ित हैं, तो गर्भावस्था में बच्चे को इसका शिकार होने से बचाने के लिए डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**हर्बल जोन**

रेखा देशराज

# गर्मी में अमृत जैसा है पुदीना



इन दिनों देश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी खूब पड़ रही है। तेज धूप, लू के थपेड़े, बढ़ता तापमान और शरीर में पानी की कमी, ये सब ऐसी स्थितियां हैं जो कई शारीरिक समस्याएं पैदा कर देती हैं। इनमें पुदीना का सेवन कारगर है। यूं तो पुदीना कोई भी मौसम हो, यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, लेकिन गर्मियों में तो मानो यह अमृत जैसा वरदान है। इसकी तासीर ठंडी होती है, जो गर्मियों में शरीर की गर्मी को शांत करने के लिए बहुत उपयोगी है। इसलिए पुदीने का इन दिनों तरह-तरह से उपयोग किया जा सकता है।

**जब तापमान बढ़ जाए:** गर्मी में कई बार शरीर का भी तापमान बढ़ जाता है। इस स्थिति को अगर काबू न किया जाए तो सिर्फ तबीयत खराब हो सकती है। जब किसी के शरीर में गर्मी बढ़ जाती है, तो उसे ठंडा करने के लिए पुदीने का कई तरह से उपयोग किया जाता है। पुदीने की शिकंजी पी सकते हैं। पुदीने के रस से शरीर की मालिश की जा सकती है। कच्चे आम के पने में ढेर सारी पुदीने की पत्तियां पीसकर मिला सकते हैं, जो शरीर के गर्म तासीर को ठंडा करती हैं। पुदीने को पीसकर या इसकी चटनी बनाकर शर्बत के साथ पेट भरकर पीने से राहत मिलती है। दिन में छह-सात पुदीने की शिंकजी पी लेने से गर्मी दूर हो जाती है।

**डिहाइड्रेशन से बचाव:** गर्मियों में पसीना बहुत आता है, पसीना आने से शरीर में पानी कम हो जाता है। इससे डिहाइड्रेशन की समस्या हो जाती है। ऐसी स्थिति में भी पुदीने का शर्बत, पुदीने की शिकंजी रामबाण की तरह कारगर साबित होती है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेट रखता है बल्कि शरीर के इलेक्ट्रोलाइट संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करता है।

**पेट दर्द से राहत:** गर्मी में अकसर भूख कम लगती है और रह-रहकर पेट दर्द होता है। वास्तव में यह कमजोर पाचनतंत्र का नतीजा होता है। ऐसे में पुदीने के अर्क को बतासे के साथ या शिकंजी के साथ लेने से पेट का दर्द खत्म हो जाता है। पाचनतंत्र मजबूत होता है, जिससे भूख लगने लगती है। पुदीना पाचन को बेहतर तो बनाता ही है, यह शरीर को गैस और एसिडिटी से भी राहत देता है।

**त्वचा का रखवाला:** गर्मी में जहां पुदीना पेट और पाचन संबंधी कई समस्याओं से राहत देता है, वहीं गर्मी में शरीर की सूखी, मुरझायी और झुलस गई त्वचा के लिए भी यह बहुत काम की हर्ब है। चूंकि पुदीना त्वचा को ठंडक देता है, जिस कारण त्वचा में नमी बनी रहती है। यह त्वचा को साफ और स्वस्थ रखने में बहुत मददगार है। *

**डॉक्टर्स सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब बार-बार हो गले में इंफेक्शन



**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मेरी आवाज अकसर बैठ जाती है। गले में खराश और दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई परमानेंट सॉल्यूशन बताएं।**

**-रोहित, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपका गला बहुत ही ज्यादा सेंसिटिव है और थोड़ा-सा भी ठंडा-गर्म होने पर समस्या शुरू हो जाती है। इसलिए बगैर फिजिकली देखे तो कुछ भी ट्रीटमेंट बताना ठीक नहीं होगा। एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वो फिजिकल गले की जांच करेंगे, अगर जरूरत पड़ी तो कुछ टेस्ट भी कराएंगे और फिर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। फिलहाल आप फ्रिज में रखी या बाजार में मिलने वाले ठंडे आइटम बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। छह महीने पहले मेरे पैर में हेयरलाइन फ्रेक्चर हुआ था। बैंडेज उतरने के बाद फिजियोथेरेपिस्ट से एक्सरसाइज भी किया था। अब भी फ्रेक्चर वाली जगह पर दर्द होता है और चलने-फिरने में भी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-महेंद्रपाल, हिसार**

आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। वो दोबारा से उसी जगह का एक्सरे कराएंगे, जिससे पता चलेगा हड्डी ठीक से जुड़ी है या नहीं। दर्द का क्या कारण है। बगैर एक्स-रे कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक चलना-फिरना बिल्कुल ना करें, ना ही वजन उठाएं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इसका कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जीवन, महासमुंद**

आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच करानी चाहिए। कई बार शरीर में खून की कमी की वजह से इस तरह की परेशानी आती है। अगर आपका एचबी नॉर्मल है तो डॉक्टर फिजिकली चेकअप कर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए बाजार से कोई भी दवा ना लें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। देर तक बैठने के बाद मेरे घुटनों में जकड़न महसूस होने लगती है और चलने-फिरने पर घुटनों से टक-टक की आवाज आती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-रमेश, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपके जॉइंट्स में गैप बढ़ रहा है, यह उम्र के साथ बढ़ता है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। इसका स्थाई समाधान एक्सरसाइज से होगा। इसके अलावा मौजूदा समय में विटामिन-डी की कमी भी लोगों में एक बड़ी वजह बन रही है। इसलिए आपको विटामिन-डी की दवा भी लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। मैं अकसर कहीं रखी गई कोई चीज या बोली या सुनी हुई बात तुरंत ही भूल जाता हूं। प्लीज बताएं ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका समाधान भी बताएं।**

**-कमलेंद्र, रायगढ़**

कुछ लोगों में उम्र बढ़ने के साथ मेमोरी लॉस की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आप ऐसे गेम खेलें, जिसमें दिमाग की एक्सरसाइज अधिक हो। इसका तरीका यही है, इससे आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। गर्मी के मौसम में मुझे पसीना बहुत आता है, अकसर बीपी लो हो जाता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका कोई उपचार बताएं।**

**-सुशांत, रायपुर**

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक निकलता है, इसलिए बीपी लो की समस्या हो सकती है। इससे बचने के लिए आप अधिक से अधिक पानी पिएं और कोशिश करें कि तेज धूप में ना निकलें और निकलना ही है तो साथ में पानी की बोतल रखें और हर घंटे के अंतराल में पीते रहें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

# युद्ध संकट हमारी दहलीज पर



प्रधानमंत्री मोदी ने अपना काफिला कम कर उदाहरण पेश किया है। बुधवार को दो वीडियो सामने आए। एक में काफिले में मात्र दो कारें थीं और दूसरे वीडियो में 4 कारें दिखाई दीं। यह किफायत नहीं, जोखिम है। प्रधानमंत्री से ऐसी कोई अपेक्षा और शिकायत नहीं थी। प्रधानमंत्री एसपीजी के सुरक्षा-कवच में रहते हैं। उस सुरक्षा का अपना प्रोटोकॉल होता है, लिहाजा काफिले में 15 या 20 कारें हैं, इस पर सवाल उठाना ही बेमानी है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा से किसी भी किस्म का समझौता नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री की नजीर का अनुसरण रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, सडक परिवहन मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के कई मुख्यमंत्रियों ने किया है, लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और बिहार के ह्यभगवा मुख्यमंत्रीह्ण सम्राट चौधरी अब भी 19-20 कारों के काफिले के साथ घूमते नजर आए हैं। बहरहाल उन्हें भी जल्द ही सद्बुद्धि आ जाएगी। काफिलों की किफायत और अन्य व्यवस्थाएं स्थायी होनी चाहिए, भेड़चाल या ढोंग के मायने बेहद खतरनाक होंगे। बचत प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्रियों, सांसदों, विधायकों आदि तक ही अपरिहार्य नहीं होनी चाहिए। सरकारों में सचिव, अतिरिक्त सचिव, संयुक्त सचिव, निदेशक स्तर के आईएएस, आईपीएस अधिकारियों को अलग-अलग सरकारी वाहन दिए गए हैं। कटौती उनमें बहुत जरूरी है। वे सभी 2-4 किमी दूर के सरकारी आवासों से दफ्तर तक आते हैं और फिर घर लौटते हैं। सरकारी वाहनों की ऐयाशी और भौकाल खत्म किए जाने चाहिए। ऐसे अधिकारियों को एक विशेष बसनुमा वाहन से दफ्तर लाया जाए और शाम को घर छोड़ा जाए। यह संवैधानिक प्रोटोकॉल नहीं है कि सभी अफसर ह्यमहाराजह्ण की तरह सुविधाएं भोगें। यदि देश में पेट्रोल-डीजल का संकट है, तो किफायत अपरिहार्य है। आपातस्थिति के लिए तो छूट हमेशा बनी रही है। दरअसल ये अधिकारी ही हमारी व्यवस्था के नीति-निमार्ता हैं, लिहाजा निरंकुश-से हैं।

बहरहाल प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और ऑनलाइन बैठकों की अपील की है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरह कुछ मुख्यमंत्रियों ने इस व्यवस्था को लागू करने के आदेश भी जारी करवा दिए हैं, तो ये आला अफसर भी अमल करें। यदि प्रधानमंत्री की पूरी अपील को स्वीकार कर लागू किया जाए, तो साल भर में 11.5 लाख करोड़ रुपए की बचत हो सकती है। यह बहुत बड़ी राशि है। यदि काफिला छोटा कर तेल बचाया जाता रहा, तो साल भर में करीब 91,250 लीटर डीजल बचेगा। इस तरह 1 करोड़ रुपए की बचत की जा सकेगी। यह शोशेबाजी, रुतबेबाजी अब छोड़ देनी चाहिए, क्योंकि ईरान युद्ध से उपजे संकट भारत की दहलीज तक आ गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक सार्वजनिक मंच से कहा है कि यदि ईरान युद्ध जारी रहा और लंबा खिंचा, तो सरकार को पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम बढ़ाने पड़ेंगे। रसोई गैस का सिलेंडर भी महंगा होगा, क्योंकि ये सभी आयातित हैं। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी बड़े दुखी अंदाज में खुलासा कर रहे हैं कि देश की तेल कंपनियों को 1000 करोड़ रुपए हररोज का औसतन घाटा झेलना पड़ रहा है। युद्ध के 75 दिनों में यह घाटा 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। निश्चित है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह बढ़ती रहीं, तो उन्हें अनदेखा नहीं किया जा सकता। बुधवार को कच्चे तेल के दाम 108 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गए थे। हालांकि युद्ध के इस अंतराल में 98 देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ चुके हैं। 40 देशों को तेल से जुड़े प्रोटोकॉल लागू करने पड़े हैं। अमरीका, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, रूस समेत वियतनाम, फिलीपींस, बांग्लादेश, श्रीलंका, थाईलैंड आदि देशों को पेट्रो उत्पादों की राशनिंग करनी पड़ी है और कई प्रोटोकॉल लागू करने पड़े हैं। भारत ने इन 75 दिनों में यह बोझ अपनी जनता पर पडने नहीं दिया है, यह बहुत महत्वपूर्ण है। अब संकट बढ़ता जा रहा है, तो शुरूआत बचत से की जा रही है। बचत के ऐसे आह्वान लालबहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, डा. मनमोहन सिंह सरीखे प्रधानमंत्रियों ने भी किए थे। अब आईएमएफ के मानकों के मुताबिक, भारत अभी गंभीर संकट में नहीं है, करीब 11 माह के आयात के लिए विदेशी मुद्रा पर्याप्त है, लेकिन डॉलर की तुलना में रुपया 96 के करीब पहुंच चुका है, आयात के लिए 34,000 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान करना पड़ा है, लिहाजा सावधान होना तो जरूरी है। यह बात भी सामने आ रही है कि पेट्रोल-डीजल, सोना तथा अन्य सामान, खाद्य पदार्थ भी महंगे होने लगे हैं। सरकार को कोशिश यह करनी है कि जरूरी चीजें महंगी न हों।